केलांग (लाहौल-स्पीति)। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल में मंगलवार रात हल्दा गांव के पास पर्यटकों की एक वोल्सवाडग्लन कार खुदी नाले में गिर गई। हादसे में दिल्ली के एक पर्यटक की मौके पर ही मौत हो गई। तीन पर्यटक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को समुचित अस्पताल रैफर किया गया है। मृतक सैलानी का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलवार रात वोल्सवाडग्लन कार में हरियाणा और दिल्ली के चार पर्यटक ग्रांफू-काजा-समदो मार्ग से काजा जा रहे थे। अंधेरा होने के कारण खुदी नाले के समीप चालक मोड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और कार 60 फीट गहरे नाले में जा गिरी।

हादसे में मोहित यादव (25), पुत्र जितेंद्र यादव, निवासी चाटली, चड़पाला मोहल्ला, दिल्ली 110042 की मौके पर मौत हो गई। समीर शर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार शर्मा निवासी 7/66 गली नंबर 2, बहादुरगढ़, सोंढल टाउन हरियाणा, वरात जोन उर्फ जॉनी 21, पुत्र सोमवीर जॉन, निवासी सोंढल टाउन, बहादुरगढ़ हरियाणा, मोहित (25), पुत्र राजेश निवासी चाटली, चड़पाला मोहल्ला, दिल्ली-42 घायल हो गए। रात को हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायलों को रेसक्यू करने में स्थानीय लोगों ने भी सहायता की। अंधेरा होने के कारण रेसक्यू में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एसडीएम काजा जोरम नेगी ने कहा कि सूचना मिलते ही रेसक्यू अभियान शुरू किया गया। घायलों को उपचार के लिए समुचित अस्पताल भेजा गया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

स्पीति घाटी में दुर्घटनाग्रस्त दिल्ली का पर्यटक वाहन। संवाद

काजा जा रहे थे दिल्ली और हरियाणा के सैलानी

भूस्खलन से साढ़े सात घंटे बंद रहा मनाली-लेह मार्ग

संवाद न्यूज एजेंसी

रोहतांग (लाहौल-स्पीति)। जिला भूस्खलन जोन में 45 किमी दूर जिंगजिंगबार में शुक्रवार सुबह पहाड़ का बड़ा हिस्सा भूस्खलन होने से मनाली-लेह मार्ग साढ़े सात घंटे अवरुद्ध रहा। बीआरओ के मुताबिक सुबह 9 बजे पहाड़ से बड़े पत्थर गिरने लगे। दोपहर बाद तीन बड़े बोल्डर गिरे।

बीआरओ ने लाहौल-स्पीति पुलिस को सूचना दी तो मार्ग को दोनों ओर से बंद कर दिया। इससे मनाली-लेह मार्ग पर फंसे वाहनों को राहत मिली। पुलिस ने बताया कि भूस्खलन होने से मार्ग पर मलबा आ गया है। सूचना मिलते ही मौके पर जेसीबी मशीन भेजी गई। मार्ग को खोलने में करीब साढ़े सात घंटे का समय लगा।

जिंगजिंगबार में मार्ग बाधित, दर्जनों वाहनों को रोकने के लिए कोकसर भेजा गया

मनाली से लेह जाने वाले वाहनों को शनिवार को ही रोक लिया था। लेह से मनाली की ओर आने वाले वाहनों को जिंगजिंगबार के पास रोका गया। पुलिस ने बताया कि मनाली-लेह मार्ग पर यातायात सुबह करीब 9 बजे बाधित हो गया है। जैसे ही यह सूचना मिली बीआरओ की टीम मौके पर पहुंच गई। दोपहर बाद तीन बड़े बोल्डर गिरे। इसके बाद मार्ग को दोनों ओर से बंद कर दिया गया।

उधर, लेह से लिंगजिंगबार की दूरी 45 किमी है। लेह से मनाली की ओर आने वाले वाहनों को जिंगजिंगबार के पास रोका गया। पुलिस ने बताया कि जिंगजिंगबार के पास भूस्खलन होने से मार्ग बाधित हो गया। जिसके बाद 100 से अधिक वाहनों को जिंगजिंगबार के पास रोका गया। इनमें पर्यटकों के वाहन भी शामिल हैं। इन वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवाया गया। बीआरओ के अनुसार मार्ग को खोलने में जेसीबी मशीन लगाई गई। मार्ग को खोलने में करीब साढ़े सात घंटे का समय लगा।

मनाली-लेह मार्ग के जिंगजिंगबार के पास भूस्खलन होने से मार्ग बाधित होने के बाद फंसे वाहन। संवाद

केलांग-किलाड़ मार्ग पर थमे पहिये

संवाद न्यूज एजेंसी

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जिला लाहौल-स्पीति में भी सोमवार को मानसून के दौरान बादल झमाझम बरसे। बारिश से मनाली-लेह मार्ग पर भरतपुर नाला तथा पागलनाला का जलस्तर बढ़ने से 70 से अधिक वाहन फंस गए हैं।

वाहनों में लेह जा रहे तेल के टैंकर भी शामिल हैं। केलांग-किलाड़ मार्ग के तहत उदयपुर के पास भी वाहनों के पहिये थम गए हैं। बारिश के बाद मनाली-लेह मार्ग के तहत आने वाले नदी-नालों का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। इससे मनाली-लेह मार्ग के बीच सफर करना जोखिम भरा हो गया है।

भारी बारिश को देखते हुए लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने कहा है कि फिलहाल मनाली-लेह मार्ग पर यात्रा करने का जोखिम न उठाएं। इससे मुश्किल में पड़ सकते हैं। उपायुक्त नीरज कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है। कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश हुई है। भारी बारिश के कारण एनएच मनाली-लेह पर पागलनाला, तेलिंग नाला, भरतपुर नाले में जलस्तर बढ़ गया है।

जिले के एसडीएम को भी अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है। एसपी मानव वर्मा ने कहा कि वाहन फंसने की सूचना मिलने के बाद बीआरओ ने सड़क बहाली का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही कहा कि सड़क बहाल कर जल्द फंसे हुए वाहनों को निकाला जाएगा।

मड़ग्रां नाले में बाढ़ से किलाड़-मनाली मार्ग बंद

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। लाहौल घाटी में सोमवार सुबह से ही जारी बारिश से मड़ग्रां नाले में बाढ़ आ गई, जिससे मनाली-किलाड़ सड़क यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई है। इससे लाहौल और पांगी के बीच दिनभर वाहनों की आवाजाही बंद रही। सड़क की जल्द बहाली को लेकर भारी बारिश के बीच सीमा सड़क संगठन के 94 आरसीसी ने सड़क हटाने का काम शुरू कर दिया है। बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि मौसम खुलते ही मड़ग्रां नाले से होकर गुजरने वाली सड़क को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा। इसी मार्ग में उदयपुर से दो किलोमीटर आगे मिनी मनाली नामक जगह पर भी मलबा आने से सड़क बंद हो गई है। हालांकि यहां से बर्फ हटाने का काम जारी है। सोमवार सुबह करीब नौ बजे मड़ग्रां नाले में बाढ़ आ जाने से मनाली-किलाड़ सड़क दिनभर यातायात के लिए बंद रही और यहां लगातार बारिश के चलते नाले में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। नाले से होकर गुजरने वाली सड़क लाहौल की तिंदी पंचायत की आबादी के साथ समूची पांगी घाटी को जोड़ती है। सीमा सड़क संगठन के ओसी मेजर दीपक भगत ने बताया कि मिनी मनाली के पास सड़क पर गिरा मलबा हटाने में मशीन लगा दी है। लेकिन मड़ग्रां नाले में सड़क बहाली का काम मौसम खुलने पर ही संभव हो पाएगा। संवाद

लाहौल के सिस्सू में मृत मिला नेपाली

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जनजातीय जिला लाहौल- स्पीति के सिस्सू में राहा थाच नामक जगह पर एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह पुलिस थाना केलांग को सूचना मिली की सिस्सू में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि दंबर भिक्का पुत्र कालू सिंह निवासी नेपाल की मौत हो चुकी थी। एसपी मानव वर्मा ने कहा कि मृतक की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। संवाद

हिम तेंदुए ने 60 भेड़ बकरियों को मार डाला

संवाद न्यूज एजेंसी

लाहौल में भरमौर के भेड़पालक को हुआ छह लाख का नुकसान मुआवजा देने की उठाई मांग

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के ग्रंगलू चारागाह में भरमौर के एक भेड़पालक की करीब 60 भेड़-बकरियों को बर्फानी तेंदुए ने शिकार बनाया है। इससे भेड़पालक को करीब छह लाख रुपये का नुकसान हुआ है। भेड़पालक ने इसकी सूचना पुलिस थाना केलांग सहित पशुपालन विभाग को दी है।

विभाग की ओर से अब घटनास्थल का मौका किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक भरमौर का भेड़पालक नरेश कुमार हर साल की तरह इस बार भी अपनी भेड़-बकरियों के साथ लाहौल के प्यूकर गांव के ऊपर ग्रंगलू चारागाह में आया हुआ था।

शनिवार को देर रात हिम तेंदुए ने भेड़-बकरियों के झुंड पर हमला कर दिया। इससे भेड़-बकरियों का पूरा झुंड इधर-उधर बिखर गया। इस दौरान हिम तेंदुए ने कई भेड़-बकरियों को अपना शिकार बनाया, जबकि कई भेड़ें गायब हैं। सोमवार

को उसने इस घटना के बारे में केलांग पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई। हमला करने वाले तेंदुआ एक नहीं, बल्कि अधिक हो सकते हैं। भेड़पालक नरेश कुमार ने मांग की है कि उसके नुकसान की उचित भरपाई की जाए।

उधर, इस संबंध में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. गणेश ने कहा कि पशुपालन, वन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करेगी। इसके बाद आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

लाहौल-स्पीति में तांदी-उदयपुर सड़क से मलबा हटाने में जुटी बीआरओ की मशीनरी (ऊपर)। मनाली-ग्रांफू-काजा मार्ग पर फंसा वाहन (नीचे)। संवाद

लाहौल में लोनिवि, जलशक्ति विभाग को पौने तीन करोड़ रुपये का नुकसान

संवाद न्यूज एजेंसी

दोनों विभागों ने प्रशासन और उच्च अधिकारियों को भेजी नुकसान की रिपोर्ट

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। लाहौल-स्पीति में दो दिन हुई बारिश से लोनिवि और जलशक्ति विभाग को करोड़ों का नुकसान हुआ है। जलशक्ति विभाग को डेढ़ करोड़ और लोनिवि को एक करोड़ 35 लाख का नुकसान आंका गया है। नुकसान की रिपोर्ट विभागों ने जिला प्रशासन और विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है।

बारिश से जल शक्ति विभाग की पेयजल, सिंचाई योजनाओं के साथ 56 स्कीमों को नुकसान पहुंचा है। विभाग के पास कुल 216 पेयजल और 79 सिंचाई योजनाएं हैं। इससे पहले भी इसी साल अप्रैल माह में बर्फबारी से जलशक्ति विभाग के 3 करोड़ 82 लाख, लोनिवि को 4 करोड़ 53 रुपये का नुकसान हो चुका है। मानसून की भारी बारिश से एक बार फिर दोनों विभाग को 2 करोड़ 85 लाख का नुकसान झेलना पड़ा है। लोक निर्माण विभाग के अधीन कुल 134 संपर्क मार्गों में से कई सड़कों को क्षति हुई है। सबसे अधिक नुकसान म्याड़ सड़क को हुआ। विभाग ने इस सड़क में नुकसान का आकलन 40 लाख रुपये तैयार किया है।

संपर्क सड़क त्रिलोकनाथ में 15 लाख, मूरिंग-चोखंग-नैनगार, तांदी-कारदंग-लपचंग-प्यूकर, तेलिंग-युरामूर्ति सड़क में भी 10-10 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता एचसी चौहान ने कहा कि पिछले दिनों बारिश से डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ है। केलांग में तैनात लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता किशन दत्त ने कहा कि एक दिन के बारिश ने विभाग को 1 करोड़ 35 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने फील्ड स्टाफ को अलर्ट रहने को कहा है।

बीआरओ के पास एक डोजर तक नहीं

उदयपुर और जाहलमा के बीच धीमा चल रहा सड़क बहाली का कार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बाढ़ की क्षमता के चलते हालात सामान्य होने में अभी वक्त लग सकता है। उदयपुर और जाहलमा के बीच बीआरओ का सड़क बहाली कार्य धीमा चल रहा है।

हालात ऐसे हैं कि बीआरओ के पास सड़कों को बहाल करने के लिए एक डोजर तक नहीं है। ऐसे में जेसीबी के सहारे से सड़कों को बहाल करने का काम चल रहा है। डालकॉट तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. गमसान मारकंडा पिछले तीन दिनों से बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन के साथ डटे हुए हैं। रविवार को बहाल करने के बाद प्रशासन ने किलहाल शाला नाले में वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। जाहलमा नाले में अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। यहां

जाहलमा में क्षतिग्रस्त नाले से लाता व्यक्ति। - संवाद

कंसे हुए तीन जन डोंगरू में ट्राल कर नाले को आरपार कर रहे हैं। इस दौरान कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों की सुविधा के लिए जाहलमा पंचायत के उपप्रधान त्यबीत, विट्टर चंद, त्रिमल और राकेश पंचवटी ने नाले में अस्थायी पुलिया लगाने का प्रयास किया। लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण पुलिया नहीं लगा सके। ऐसे में लोग बिना किसी प्रशासनिक मदद के खुद ही जान जोखिम में डाल कर

खुद नाला पार करने के लिए मजबूर हो रहे लोग

नाले को पार कर रहे हैं। मयाड़ घाटी के चंगुट और चुलुट में प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। मंत्री गमसान मारकंडा ने कहा कि पट्टन घाटी में फंसी गोभी और मटर की फसलों को मॉस तार और पुलिया की मदद से निकाला जाएगा। शाला नाले में पुलिस के साथ तार मॉस लगाया जाएगा। शाला और पिरांट के बीच अभी भी मैकड़ी लोग फंसे हैं। कई इलाकों में ग्रामीण इन फंसे लोगों के लिए खाने का इंतजाम कर रहे हैं। लाहौल-स्पीति एकता मंच के अध्यक्ष सुदर्शन जम्पा ने कहा कि आपदा के समय जिम रीति से राहत कार्य होने चाहिए, वह नहीं हो पा रहा है। आपदा के तीसरे दिन बीआरओ और प्रशासन की टीम जाहलमा पहुंची है।

काजा में फटा बादल, 12 घंटे तक बंद रहा नेशनल हाईवे

प्रदेश भर में आज से चार दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

शिमला/केलांग(लाहौल-स्पीति)। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश भर में सोमवार से चार दिन तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पत दिनों हुई बारिश से राज्य में अब भी दर्जनों सड़कें बंद हैं। सोमवार के दौरान यात्रियों को शेष मंजिलें तक पहुंचाने में परेशानी हो सकती है। राजधानी शिमला में रविवार को दिन भर बादल छाये रहे। न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य रहा।

बादल फटने से लारा नाले में आई बाढ़ 50 से ज्यादा वाहन घंटों फंसे रहे

उधर, राष्ट्रीय राजमार्ग काजा-समदो में काजा के तहत आने वाले लारा नाले में शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे भारी बारिश के दौरान बादल फट गया। इससे नाले में बाढ़ आ गई। बाढ़ से कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे सड़क के दोनों ओर 50 से ज्यादा वाहन घंटों फंसे रहे। बीआरओ ने 12 घंटे बाद सड़क दुरुस्त कर यातायात बहाल कर दिया। बीआरओ 108 आरसीसी के सहायक अभियंता राजेंद्र गढ़कर ने बताया कि सड़क गहरी की आवाजाही के लिए खोल दी गई है। प्रशासन ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। उपायुक्त नीरज कुमार ने कहा कि लाहौल-स्पीति आने वाले पर्यटक सावधानी बरतें। प्रदेश के शहरों का न्यूनतम तापमान शिमला

काजा-समदो मार्ग पर लारा नाले में बादल फटने से आया मलबा। संवाद

18.7, सुंदरनगर 23.1, भुंतर 22.8, कल्पा 15.9, धर्मशाला 20.2, ऊना 26.4, नाहन 26.2, केलांग 14.8, पालमपुर 21.5, मोलन 21.5, चमोली 19.2, कांगड़ा 25.6, मंडी 22.0, हमीरपुर 25.3, चंबा 23.6, उनाडीजे 17.0 और कुफरी 16.3 डिग्री सेल्सियस रहा। शहरों का अधिकतम तापमान शिमला 23.5, सुंदरनगर 32.2, भुंतर 32.0, कल्पा 25.0, धर्मशाला 28.4, ऊना 36.8, नाहन 28.2, मोलन 30.2, कांगड़ा 30.8, बिलासपुर 34.4, हमीरपुर 33.8, चंबा 30.8, उनाडीजी 20.9 और केलांग 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।

चंद्रताल झील में डूबे व्यक्ति का शव बरामद

सुंदरनगर से आए गोताखोरों ने निकाला, नहाते समय डूब गया था मनाली का राहुल

संवाद न्यूज एजेंसी

केलांग/रोहतांग। लाहौल-स्पीति जिले की चंद्रताल झील में मनाली के एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई है। पोलसा की हाल्मे के बाद प्रशासन की ओर से दूबने वाले व्यक्ति के शव को निकालने के लिए सुंदरनगर से गोताखोरों की एक टीम को बुलाया था। इसके बाद शुक्रवार सुबह गोताखोरों ने शव बाहर निकाला।

एसडीएम काजा कोई प्रकाश सिंह की अगुवाई में तलाशी अभियान चला। सुंदरनगर से आए गोताखोरों ने कुछ ही मिनटों में शव को बाहर निकाला। शव झील के किनारे से करीब 20 फीट की दूरी और लगभग 18 फीट की गहराई में था। गोताखोरे ने पहले ही प्रशासन में शव की जानकारी दे दी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काजा ले गई। मोहम्मी काजा में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा। मृतक की पहचान राहुल ठाकुर पुत्र लीख राम निवासी खंड जगतसुख, पनाली, जिला कुल्लू के तौर पर हुई है। राहुल अपने चार दोस्तों के साथ चंद्रताल घूमने आया था। वह 22 जुलाई को सुबह के समय नहाने के लिए झील में उतरा और अचानक डूब गया।

काजा के एसडीएम कोई सिंह प्रकाश ने कहा कि शव को गोताखोरों ने रेस्क्यू कर लिया है। उन्होंने चंद्रताल आने वाले पर्यटकों से अपील किया कि झील में नहाना प्रतिबंधित है। इससे जुड़े कई बोर्ड झील के आसपास लगाए गए हैं। ऐसे में निर्देशों का पालन करें। झील में नहाकर इसे अपवित्र न करें। इस झील को धार्मिक मान्यता भी है। इन्होंने स्पीति आने वाले सैलानियों को भी सलाह दी है कि वे नदी-नाले व झीलों की ओर न जाने की हिदायत दी है।

चंद्रताल झील से शव को निकालते गोताखोर। - संवाद

नदी किनारे फोटो लेने वाले पर्यटकों को खदेड़ा

रोहतांग। काजा के एसडीएम कोई प्रकाश सिंह ने स्पीति में हुए भले ही फोटो खींच रहे सैलानियों को वहां से खदेड़ा। वह शुक्रवार को चंद्रताल झील गए हुए थे। इस दौरान जब वह बाल लेट रहे थे तो नाले में हाल पास के नजदीक वाह रहे स्पीति गांव में कुछ पर्यटक फोटो खिंचवा रहे थे। ऐसे में एसडीएम कोई प्रकाश ने पर्यटकों को फटकार लगाई। कहा कि प्रशासन ने बरसात में नदी-नालों के नजदीक जाने पर रोक लगाई है। इसके बाद भी बीलकुल नदी-नालों के नजदीक जा रहे हैं। इसके चलते पर्यटकों ने एसडीएम के सामने अपनी गलती मानकर माफी मांगी। एसडीएम ने पर्यटकों को लेकर आए वाहन चालकों को भी फटकार लगाई। संवाद

सड़क बंद होने से दो घंटे तक फंसी रही एनडीआरएफ टीम, बचखाव कार्य में देरी

एनएचआई, लोनिवि से समन्वय साधकर प्रशासन ने खुलवाए मार्ग

अमर उजाला ब्यूरो

मंडी। मंडी-कुल्लू एनएच जगह-जगह बाधित होने से लाहौल में बचाव कार्य के लिए रवाना होने वाली एनडीआरएफ की टीम करीब दो घंटे तक मंडी में फंसी रही।

खुशनसा मिलने ही करीब साढ़े सात बजे एनडीआरएफ की एक टुकड़ी लाहौल के लिए रवाना कर दी गई। भारी बारिश में एनएच स्खलनील, ढाड़ा के बीच बंद हो गया। कटौला खाया खजौरा वैकल्पिक मार्ग भी भूस्खलन के कारण ठप हो गया। इस कारण काफी लंबा जाम लग गया। इस दौरान यह टीम मंडी में ही फंसी रही। प्रशासन के लिए भारी बारिश में एनएच और वैकल्पिक मार्ग को बहाल करना चुनौती बन गया। बावजूद इसके एनएचआई और लोक

लैंडिंग नाले में बाढ़ की चपेट में आने से 7 लोगों की मौत हो गई। तीन की तलाश जारी है। संवाद

निर्माण विभाग के बेहतर समन्वय साधकर प्रशासन ने मार्ग बहाल करवाया, तब जाकर टीम रवाना हो सकी। बता दें कि जिला मुख्यालय से जगह न होने के चलते एनडीआरएफ की बटालियन दुंग ढाड़बल शिफ्टिंग में है। काफी बड़े कैंपस में करीब एक हजार से अधिक एनडीआरएफ के जवान यहां रहते हैं।

दो परिवारों के लोगों ने भूखे-प्यासे गुफा में काटे 2 दिन-रातें

संवाद न्यूज एजेंसी

रोहतांग (लाहौल-स्पीति)। पिछले दिनों लाहौल में भारी बारिश से हुई तबाही का मंजर बहुत खतरनाक था। लाहौल की मयाड़ घाटी के चंगुट गांव में बाढ़ से दो मकान बह गए और फसलें बरबाद हो गई थीं। बाढ़ नुकसान को आशंका का आभास होने पर लोगों ने भागकर जान बचाई।

दो परिवारों ने घर छोड़कर दो दिन और रातें गुफा में बिताईं। बाढ़ के कारण गांव में भारी नुकसान हो गया था। भागने में थोड़ी देर और होती तो जानमाल का नुकसान हो सकता था। मामला 27 और 28 जुलाई का है। 29 जुलाई को पूर्व विधायक को पता लगा तो वह भी प्रभावितों से मिलने पहुंचे। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया उनके आने से एक दिन पहले पटवारी भी मौके पर आए थे। लेकिन उनको रेस्क्यू नहीं किया गया। महिला मंडल चंगुट की प्रधान अंगमो देवी, लखमी देवी, दर्जी

मयाड़ में बाढ़ का मलबा। - संवाद

अंगमो, तेजिन थुटिक, अंगमो और तेजिन ने कहा कि 27 जुलाई को अचानक भारी बारिश हुई। देखते ही देखते दो मकानों के साथ फसलें भी बरबाद हुईं। दोनों गांवों के लोगों ने दो दिन भूखे-प्यासे पहाड़ी की एक गुफा काटे। उनके पास कपड़े भी नहीं थे। कहा कि लाहौल के चंगुट गांव में बाढ़ से दो मकान बह गए थे। इसके बाद दो परिवार के दस से अधिक लोग अपनी जान बचाकर भागे। बाढ़ के मैलाब में अपर थोड़ी देरी होती तो इन्हें जान से हाथ धोना पड़ता। इसके बाद उन्होंने एक गुफा में शरण ली और दो रातें वहीं पर बिताईं। इनके पास सोने के लिए बिस्तर और पहनने के लिए दूसरे कपड़े तक नहीं थे।

बाहर जानें में मैलाब आया हुआ था। जाने का कोई रास्ता नहीं था। ऐसे में अपर मदद मांगने भी तो किससे। बारिश से आए मैलाब को देखकर उनकी हिम्मत भी टूटने लगी थी। लेकिन वे बच गए। इन परिवारों की जमीनें भी बाढ़ में बह गई हैं। पूर्व विधायक रवि ठाकुर जब इस बात से पहुंचे तो लोगों ने उन्हें अपना दुखड़ा सुनाया। रवि ठाकुर ने उनको मदद का आश्वासन दिया।

कहा कि उनको रेस्क्यू करवाने में उन्होंने मदद की। रवि ठाकुर ने कहा कि प्रशासन ने दो पटवारी को भेजकर खाना पूर्ति की है। इन्हें नुकसान का आकलन कर मकान बनाने के लिए राशि दी जाए।

मयाड़ का मंजर देख भावुक हुए पूर्व विधायक

रोहतांग (लाहौल-स्पीति)। बादल फटने से मयाड़ घाटी के चंगुट में लोगों के आशियाने तबाह हुए हैं। इनकी निजी भूमि को भी नुकसान पहुंचा है। इसके चलते ग्रामीण सुका में रातें बिताने को मजबूर हो गए। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीणों को वर्षाधिकार नियम 2006 के तहत जमीन मुहैया करवाए। पूर्व विधायक शाला और जाहलमा छूने से पहले होकर उदयपुर होते हुए मयाड़ घाटी पहुंचे। वहां का मंजर देखकर वह भावुक हो उठे। कई दिन तक चंगुट के ग्रामवासियों को सूझ नहीं रहे थे। लोगों की नगदी फसल गोभी, मटर और अन्य सब्जियों की खड़ी फसल बरबाद हो गई है, जिसका किसानों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। कहा कि मुख्यमंत्री लाहौल आकर गए। लेकिन हेलीकाप्टर में ये के बराबर उतरकर लोगों को मिल्कर किया गया। संवाद

जान बचाने के लिए गुफा में बैठे बाढ़ प्रभावित चंगुट गांव के ग्रामीण। - संवाद

सर्च ऑपरेशन में जुटीं टीमों के लिए दो गांवों की महिलाओं ने बनाया खाना

संवाद न्यूज एजेंसी

सुबह ही पहुंच गए मंत्री मारकंडा बोले - मुश्किल घड़ी में हर मदद करेगी सरकार, धैर्य बनाए रखें

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जिला लाहौल-स्पीति के तोंजिंग नाले में आई बाढ़ में लापता हुए लोगों की तलाश के लिए दूसरे दिन बीरवार को भी सुबह से ही सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया, जो दिन भर चलता रहा। इस दौरान रंगले और तोंजिंग गांव की महिलाओं ने सर्च अभियान में जुटीं टीमों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था कर मानवता की मिसाल पेश की है।

एनडीआरएफ की टीम ने बीरवार सुबह करीब 8:00 बजे लाहौल के तोंजिंग नाले में सर्च ऑपरेशन के लिए मोर्चा संभाला। इसके साथ ही आईटीबीपी, बीआरओ, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्थानीय निवासियों समेत करीब 100 से अधिक लोग रेस्क्यू अभियान में जुट गए। सुबह 10:00 बजे तक नाले के मलबे में लापता की तलाशते रहे लेकिन निराशा ही हाथ लगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा भी सुबह 6:00 बजे ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। मंत्री सारे अभियान की स्वयं निगरानी करते रहे। उन्होंने लोगों से इस मुश्किल घड़ी में सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन देते हुए धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

तीन मकान-पुल, 100 बीघा भूमि बही

संवाद न्यूज एजेंसी

तोंजिंग नाले में आई बाढ़ से लापता लोगों को तलाशते हुए। -संवाद

तांदी-उदयपुर के बीच फंसे हैं 200 से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु, पट्टन में बिजली गुल

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में मंगलवार को भारी बारिश से करोड़ों रुपये की क्षति हुई है। इससे तिंदने से कई स्थानों पर सम्पर्क क्षतिग्रस्त और कुछ जगह बिजली गुल हो गई है। भारी बारिश से मनाली घाटी के पंगुट गांव में बाढ़ से एक पुल, तीन पुराने मकान, एक पुराना शेड भी बह गए। साथ ही चुरपुट और पंगुट गांव के बीच करीब 100 बीघा उपजाऊ जमीन बाढ़ में बह गई है।

किरतिंग, ज़ांस्कर, फुऊ, जहालमा, कमरौंग, थिरोट, उदयपुर आदि में 200 से अधिक पर्यटकों सहित कई श्रद्धालु फंस गए हैं। ये लोग केलांग-उदयपुर सड़क चालू होने का इंतजार कर रहे हैं। थिरोट बिजली परियोजना का शेड भी बाढ़ के चलते बह गया है। इसमें पट्टन घाटी में बिजली गुल हो गई है। चुरपुट गांव में मलबे से सतलुज नाले का बहाव भी रुका गया है। उदयपुर-केलांग मार्ग पर भी यातायत को आंशिक क्षति है। मंडी व चंबी से लगे जाई टुक मणिकरण से सड़कों पर फंसे हुए हैं। ऐसे में लगातार लोगों को जुकमाम उठाना पड़ रहा है।

सड़कें बंद होने से अधिकांश यात्रियों में ही सड़क नहीं हैं। सड़कों को चालाने के लिए बीआरओ के पास मशीनें नहीं हैं। जेसीबी से काम चलाया जा रहा है। उधर, उपायुक्त नीरज कुमार ने बारिश से क्षतिग्रस्त बिजली को अपील की गई है।

लाहौल-स्पीति जिले के तोंजिंग नाले में बाढ़ आने से सड़कों पर भारी मलबा और पत्थर आ गए हैं।

जाहलमा पुल बह जाने से दस पंचायतों, पांगी का संपर्क कटा

संवाद न्यूज एजेंसी

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। उदयाहौल जिला लाहौल-स्पीति में मंगलवार को भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में जहालमा पुल बह गया था। इससे तिंदे, उदयपुर, तिंगरेट, त्रिलोकनाथ, थिरोट, किलोंगनाथ, गुशैल, पुंज्ञ, जहालमा पंचायतों के साथ पांगी घाटी का संपर्क जिला मुख्यालय केलांग से कट गया है।

बाढ़ नाले में बाढ़ आने से सोलंगनाथ, शांत, डोबरंग पंचायतों भी जिला मुख्यालय से कट गई हैं। पंचायतों का जनसंपर्क कट जाने के बाद यहां के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि प्रशासन व बीआरओ की ओर से बाढ़ को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन बाढ़ में बहा जहालमा पुल दोबारा कब तैयार होगा, इसको लेकर अभी भी संशय बना हुआ है।

लाहौल में भारी बारिश के बाद नालों में आई बाढ़ का सबसे अधिक नुकसान घाटी के किसानों को हुआ है। किसानों की खेतों में करोड़ों की संपत्ति तैयार है, जो अब सब्जी बीजों में जमा हुआ है। खड़ी फसलें भी पानी में डूब गई थी। एसडीम मंडल कुमार ने कहा कि सड़कों को खोला जा रहा है। प्रशासन की ओर से लोगों की हरसंभव सहायता की जाएगी।

लाहौल के उदयपुर में पर्यटकों समेत फंसे 185 लोग, डीसी ने सरकार से मांगा चॉपर

27 घंटों के सर्च अभियान में कुल्लू-लाहौल में बहे सात लोगों का नहीं लगा सुराग

संवाद न्यूज एजेंसी/ब्यूरो

कुल्लू/केलांग/शिमला। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू में तूफी दिन बीरवार को 27 घंटे बाद भी सर्च ऑपरेशन में लापता सात लोगों में से कोई नहीं मिला। उधर, लाहौल के उदयपुर में सड़कों-पुलों के क्षतिग्रस्त होने से पर्यटकों समेत 185 लोग फंस गए हैं। उपायुक्त लाहौल नीरज कुमार ने इसके बारे में अब तक का ब्योरा सौंपते हुए कहा है कि उदयपुर-केलांग-उदयपुर मार्ग पर भी यातायत को आंशिक क्षति है। मंडी व चंबी से लगे जाई टुक मणिकरण से सड़कों पर फंसे हुए हैं। ऐसे में लगातार लोगों को जुकमाम उठाना पड़ रहा है।

सड़कें बंद होने से अधिकांश यात्रियों में ही सड़क नहीं हैं। सड़कों को चालाने के लिए बीआरओ के पास मशीनें नहीं हैं। जेसीबी से काम चलाया जा रहा है। उधर, उपायुक्त नीरज कुमार ने बारिश से क्षतिग्रस्त बिजली को अपील की गई है।

देर शाम मनाली-लेह काजा-ग्रांफू मार्ग बहाल

लाहौल: पुल टूटने के बाद जहलम्य नाला पार करता पुलूर्ग तंथली। संवाद

बारात फटने के बाद लाहौल और कुल्लू जिले में लापता सात लोगों की तलाश में आईटीबीपी, बीआरओ एसडीआरएफ पुलिस, अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों को मिलाकर 100 से अधिक लोग सुबह 9 बजे से जुटे हुए हैं। लाहौल के तोंजिंग नाले, उदयपुर, जहालमा के अलावा कुल्लू जिले के बलपरोल नाले में दिनभर सर्च अभियान चलाया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने पार्वती नदी के किनारे भुंतर से लेकर मणिकर्ण तक जगह-जगह नालानों लोगों को रुकवाया किया। दोनों जिलों में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बीआरओ को करोड़ों की क्षति हुई है। प्रदेश में अभी भी 94 सड़कें बंद हैं और 71 पेयजल योजनाएं ठप हैं। 91 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। कुल्लू के बंजपड़ गांव में आधा किलो ऊंची पहाड़ी से पत्थर गिरने से तीन घरों को नुकसान हुआ है। प्रशासन ने गांव खाली करा लिया है।

शिमला में मौसम आवाम ओक ओवर के पास इंच गिरने के बाद तीन मकानों को खाली करवाया गया। उधर, आज हेलीकाप्टर से लाहौल में फुकसान का जायजा लेंगे सीएम जयराम : केलांग (लाहौल-स्पीति)। लाहौल-स्पीति जिले में दो दिन की भारी बारिश से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सड़कमार्ग से हेलीकाप्टर से लाहौल पहुंचेंगे। सीएम वाह एयरफील्ड पोंग का दौरा करेंगे। संवाद

पांच जिलों में आज बाढ़ की चेतावनी, सुबह से दो अगस्त तक येलो अलर्ट : शिमला। प्रदेश में 2 अगस्त तक बारिश का येलो अलर्ट और 4 अगस्त तक बीसम रहने का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को प्रदेश के पांच जिलों चंबा, मंडी, कुल्लू, सिरमौर और सोलन के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। बीसम शाम सिरमौर समेत कई इलाकों में भारी बारिश हुई। एपी

पांच जिले में 24 घंटों की बारिश में जनजातीय क्षेत्र चंबे में दो पुलबिज, 33 एम, 5 खम्भर बह गए हैं। इसके अलावा 15 कच्चे मकान, पांच एमे, दे गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। हमीरपुर में भी एक दुकान और गोशाला क्षतिग्रस्त हुई है। घाटी, कालका-शिमला एनएच फूले के पास पहाड़ी से पत्थरने गिरने से एक पंता बंद रहा। सिरौल में सड़क में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। चंबा में महिला की नाले में गिरने से मौत हो गई। >> संवाददाता पेज 2 पर

लाहौल में मेगाल के बलाचन नाला की चपेट में आने से बहे जहालमा नाले के मलबे के बीच लोगों को आर्मी रास्ता बनाते हुए। -संवाद

मुश्किल वैक्सीनेशन ड्यूटी के लिए केलांग से हिंसा गई टीम को आधे रास्ते से लौटना पड़ा

पट्टन घाटी में तैयार फसलें मंडियों में पहुंचाना मुश्किल

संवाद न्यूज एजेंसी

जहलम्य में फंसे पर्यटकों को रस्से के सहारे निकालते हुए। -संवाद

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। उदयाहौल क्षेत्र लाहौल घाटी में खड़ीत अक्सर बनकर बरसे। मनाली-उदयपुर-किलाड़ को जोड़ने वाले पुल और सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सड़क पर जहलम्य पुल बाढ़ में ढह गया है। बाढ़ा नाले में भी बाढ़ आने से पुल को नुकसान हुआ है।

पट्टन घाटी में करोड़ों रुपये की फूलगोभी, मटर सहित अन्य सब्जियां खेतों में तैयार हैं। लाखों रुपये की सब्जियां अभी सड़कों में ही लोटू हैं। ऐसे में करोड़ों की सब्जियां न खुला पाना रहा है। जहलम्य पुल ढह जाने व बाढ़ा नाले का बहाव पुल के किनारे से टूटने से सड़क पर भारी मलबा आ गया है। इसके चलते पुल के दोनों ओर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। इसमें सैकड़ों पर्यटक वाहन फंसे हुए हैं। इनमें से कई पर्यटकों को रस्से के सहारे निकाला गया है। उधर, विधायक एवं राजनीतिक निदेश गंजी डॉ. रामलाल मारकंडा लाहौल पहुंच का स्थिति का जायजा ले रहे हैं। प्रशासन व बीआरओ इस भयानक स्थिति से निपटने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

लाहौल घाटी में मंगलवार को प्राकृतिक आपदा इस कदर बरसी थी कि करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया है। पट्टन घाटी में फूलगोभी की सेवाएं सबसे ज्यादा होती हैं। यहां करीब 5 हजार बीघा में फूलगोभी की खेती की जाती है। इसके अलावा मटर, शिमला मिर्च और अन्य सब्जियां भी बड़े पैमाने पर उगाई जाती हैं। यहां की सब्जियां दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल के अन्य शहरों में भेजी जाती हैं। लेकिन इस बार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में तैयार फसल को मंडियों तक पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। कई किसानों के ट्रक और पिकअप वाहन रास्ते में ही फंस गए हैं। इससे उनकी लागत भी नहीं निकल पा रही है।

वैक्सीनेशन ड्यूटी के लिए निकला वाहन चालक अब तक अपने घर नहीं पहुंच सके। वैक्सीन ड्यूटी पर जाने वाले दूसरे और पीर टंडे रेस्ट व जोन में गाड़ी का खाना लेकर कृपाल को मिलट में वापस घर लौटना पड़ा। इसके चलते वैक्सीनेशन ड्यूटी के लिए निकला वाहन चालक अब तक अपने घर नहीं पहुंच सके। वैक्सीन ड्यूटी पर जाने वाले दूसरे और पीर टंडे रेस्ट व जोन में गाड़ी का खाना लेकर कृपाल को मिलट में वापस घर लौटना पड़ा। इसके चलते वैक्सीनेशन ड्यूटी के लिए निकला वाहन चालक अब तक अपने घर नहीं पहुंच सके। वैक्सीन ड्यूटी पर जाने वाले दूसरे और पीर टंडे रेस्ट व जोन में गाड़ी का खाना लेकर कृपाल को मिलट में वापस घर लौटना पड़ा। इसके चलते वैक्सीनेशन ड्यूटी के लिए निकला वाहन चालक अब तक अपने घर नहीं पहुंच सके। वैक्सीन ड्यूटी पर जाने वाले दूसरे और पीर टंडे रेस्ट व जोन में गाड़ी का खाना लेकर कृपाल को मिलट में वापस घर लौटना पड़ा। इसके चलते

अस्थायी पैदल पुल बनाकर शांशा नाले से रेस्क्यू किए गए 150 लोग

लाहौल में उफनते जाहलमा नाले से रस्सी के सहारे निकाला घायल युवक

संवाद न्यूज एजेंसी

केलांग (लाहौल-स्पीति)। केलांग-उदयपुर सड़क पर सांशा नाले पर भारी बाढ़ से हुए क्षतिग्रस्त पुल के चलते उदयपुर की तरफ फंसे करीब 150 लोगों को अस्थायी पैदल पुल बनाकर रेस्क्यू किया गया। इनमें कुछ पर्यटक भी शामिल रहे। इन्हें रेस्क्यू कर किरौंतन पहुंचा दिया गया है।

मंत्री मार्कंडा ने भी की रेस्क्यू अभियान में मदद

किरौंतन से आगे सड़क आवाजाही के लिए खतरनाक है। रेस्क्यू लोगों को एचआरटीसी बस से केलांग भेजा गया। बाढ़ से अपने गंतव्यों की तरफ निकलना शुरू हो गए हैं। शुक्रवार दोपहर तक पहले अभियान को निरंतरता सबसे तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. राजेश्वर मार्कंडा ने की।

मंत्री ने भी रेस्क्यू अभियान में मदद की। वह लाहौल घाटी में नुकसान और तबाह एवं बचाव कार्य का भी जायजा ले रहे हैं। मार्कंडा ने कहा कि आपदा के समय जानों का बचाव कार्य को प्राथमिकता है। शांशा पुल तक की क्षतिग्रस्त सड़क को बहाली के माध्यम से जल्द दुरुस्त कर खोला जाए। यह है।

जतिन को नाले से पार ले जाते समय बहने से बचा एक युवक

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। उदयपुर जिला लाहौल-स्पीति के तिंदी में कुठाड़ घास फ्लैट के समीप एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल जतिन घायल हो गया। उसे कुल्लू अस्पताल रेफर किया गया। कुल्लू पहुंचने के लिए घायल को उफनते जाहलमा नाले से रस्सी के सहारे पार किया गया। नाले तक जतिन को पीठ में लादा गया, लेकिन पिछले दिनों भारत फटने से जाहलमा नाले पर बना पुल टूट गया था। ऐसे में रस्सी के सहारे लोग नाले में उतरे और कड़ी मशक्कत के बाद घायल को नाले के पार पहुंचाया गया। एसडीएम मानव वर्मा ने बताया कि अधिक चोटें लगने से जतिन की हालत गंभीर है। संवाद

पंजाब के 15, दिल्ली के चार, यूपी के दो पर्यटक फंसे हैं घाटी में

लाहौल में बाढ़ आने से हरियाणा के दो, हिमाचल प्रदेश के विलासपुर के 9, चंबा के 12, हमीरपुर का एक, कांगड़ा के 60 कुल्लू के 123, मंडी के 51, शिमला के 3 सिरमौर व सोलन के दो-दो लोग फंसे हैं। झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख के भी एक-एक, महाराष्ट्र के दो, दिल्ली के चार, उड़ीसा के तीन, पंजाब के 15, उत्तर प्रदेश के 2 पर्यटक हैं।

छह जिलों में आज बाढ़ आने की चेतावनी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में शनिवार को भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के छह जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला और किन्नौर के कुछ क्षेत्रों में शनिवार को बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। चंबा अलावा पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है।

शुक्रवार को राजधानी शिमला में दिन भर हल्की बारिश का दौर जारी रहा। पहरियार राज में शुक्रवार सुबह आठ बजे तक औसनादेवी जी में 125, मंडी 99, सुंगड़ाह 60, चौबटा साहिब 47, जोगिंद्रनगर 46, धर्मशाला 45, सोहर 36, टोस पोगोपुर 33, अंब 32, पच्छाद 30, मनाली 27, पंडोह-पुरपुर 26, गगल 25 और शिमला में सात मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। शुक्रवार को दिन में इनसोजी में 27, चंबा चार, मनाली तीन और मंडी-शिमला में दो मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। न्यूज

लाहौल के जाहलमा नाले को पार करती रेस्क्यू में लगी मशीन। इस दौरान एसडीएम उदयपुर राज कुमार ठाकुर और बीआरओ के अधिकारी भी मौजूद रहे। - संवाद

25 किमी दूर से खाना बनाकर पहुंचाया जाहलमा

उदयपुर के लोगों ने सैलानियों-कामगारों को करवाया भोजन, महिला मंडलों ने भी की खाने की व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

रेस्क्यू करने के बाद जाहलमा पहुंचे वहां फंसे हुए लोग, भवन के लिए उठ रहे हाथ

प्रशासन के अधिकारी खाना जाहलमा पहुंचाया गया खाना, व्यापार मंडल ने भी दिया सहयोग

केलांग (लाहौल-स्पीति)। लाहौल-स्पीति जिले लाहौल में भारी बारिश के चलते नालों में आई बाढ़ से फंसे हुए लोगों के लिए खाना-पानी से पहुंचने के लिए खाना जुटा रहे हैं। ऐसी ही एक उपायधिकारी उदयपुर के सहयोग से किया है।

उदयपुर और जाहलमा के बीच सड़क के टूटने के बाद फंसे-जगह फंसे लोग अब जाहलमा पहुंचने लगे हैं। जाहलमा नाले से लोगों को जिला लाहौल को सड़क से रेस्क्यू किया जा रहा है।

जाहलमा पहुंचने वाले दिहाड़ीदारों, मजदूरों और कामगारों के लिए उदयपुर के सहयोग से 25 किमी दूर से खाना बनाकर पहुंचाया। ऐसे में फंसे हुए लोगों को खाना दिखाया गया। नेक से मोहिला जाने वाले से कई लोग भूखे-प्यासे हैं। प्रशासनी ने खाना बनाकर पोल के जरिये इन जाहलमा तक पहुंचाया। इस सुविधा से उदयपुर व्यापार मंडल का भी पूरा सहयोग रहा।

उदयपुर विधायकी दिनेश कुमार, अंगपुरुका, सहित, सुदेश ने बताया कि संकट की घड़ी में फंसे हुए लोगों को भोजन दिलाकर उनकी मिली। एकजुट होकर ही मुसीबत को समाप्त कर पाएंगे। प्रशासनी के मिशिट में फंसे लोगों को भी भोजन दिलाया। और रहे कि लोहिल जाने से रेस्क्यू अभियान में लगे लोगों के लिए महिला महिलाएं खाना ले खाने-पीने की व्यवस्था की गई। अब उदयपुर के सहयोग भवन के लिए आगे आए हैं।

जाहल विधायी पर्यटकोत्पाद के पास जाहलमा के स्वाद जाहलमा, पूरा, संगतमा, जाहलमा, पालमा, पलमल, सिंदूर, सतिलम, कोठी और सर्वोदय के सहयोग दिनभर रेस्क्यू अभियान में जुटे रहे। एसडीएम उदयपुर सालबुकर ठाकुर ने सभी को इस महान की सराहना की।

उधर, पहाड़ी से फंसे लोगों को लिए सहित और सुरक्षा पुल से रेस्क्यू करने का अभियान पहले दिन भी जारी रहा। आदान विधायी पर्यटकोत्पाद सहयोग के इंतजामकार स्पुल नेक्ल ने बताया कि सहयोग के पास लोगों का कल लोगों को रेस्क्यू करने के लिए पिछले दो दिनों से पहाड़ी में जुटा है।

अधिकारी को लगातीर लोगों की सहायता के बारीक पूरा जानकारी सहयोग नहीं है। जाहलमा, पूरा और सर्वोदय महिला मंडलों ने फंसे लोगों के सहयोग रेस्क्यू अभियान से जुटे लोगों को भोजन उपलब्ध कराया। महिलाओं ने रेस्क्यू अभियान में जुटे लोगों के लिए भोजन को व्यवस्था की। महिलाओं के इस नेक काम की सभी लोग सहुते मान रहे हैं। सीओ भी एसडीएम उदयपुर राजकुमार ठाकुर सहित कार्य का जायजा लेते रहे।

लाहौल के जाहलमा में फंसे लोगों को 25 किमी दूर उदयपुर से खाना लाकर खिलाते प्रशासन। - संवाद

उदयपुर से सड़क पुल और सड़क के क्षतिग्रस्त होने पर वैकल्पिक व्यवस्था कर सिलिंडर लगा से सूखा (लकेन) लगाने के बाद फंसों को रेस्क्यू करते। - संवाद

मलिंडारार्ण घाटी के ब्रह्मगंगल नाले से खाना पहुंचने के बाद अतिरिक्त महायता और पहाड़ आ गए हैं। - संवाद

लाहौल-स्पीति के उदयपुर में बाढ़ से सड़क क्षतिग्रस्त होने से वैकल्पिक व्यवस्था कर लोगों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कराते हुए। - संवाद

लाहौल घाटी में लगातार कार्य में जुटी बीआरओ की मशीनरी। - संवाद

एसडीएम उदयपुर राज कुमार ठाकुर सुरक्षाकर्मी को जाहलमा क्षेत्र में फंसे लोगों का पुलगाहलेन पुल के साथ ढाई हर संभव सहायता का आश्वासन देते। - संवाद

लाहौल के तांदा नाले में राहत और बचाव कार्य का जायजा लेते मंत्री रामलाल मारकंडा और डीसी कपिल कपूर करीब 3 घंटे तक पैदल चले। इस दौरान पीछे दूसरा अन्य लोगों। - भास्कर

जोहलथम नाले में टीम स्कैन से पंजाब लोगों को निकालते पर्वतारोहण संस्थान कर्मचारी। - भास्कर

लाहौल के तांदा नाले में लाहौल बचाव कार्य में जुटी बीआरओ की टीम। - भास्कर

सैकड़ों लोगों के लिए देवदूत बनी पर्वतारोहण संस्थान की टीम

लाहौल में दो दिन में 350 लोग किए रेस्क्यू

संवाद न्यूज एजेंसी

150 लोग पहले दिन निकाले

200 लोग दूसरे दिन रेस्क्यू

6 साल लाहौल में सेवाएं दे चुके लुदर

लुदर ढेरा इससे पहले करीब छह साल तक लाहौल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कोकसर में फंसाए फौजों में तैनाती के दौरान उनकी टीम ने सैलानी दलों को फंसीलें हालातों के बीच करीब सैकड़ों लोगों की जान बचाई है। लुदर ढेरा ने कहा कि लाहौल लोगों को मदद के लिए इस रेस्क्यू अभियान की पूरी जरूरत नहीं था।

केलांग (लाहौल-स्पीति)। प्राकृतिक आपदा की मुसीबत पड़ी में अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान के पांच सदस्य सैकड़ों लोगों के लिए देवदूत बनकर पहरी पहुंचे। रेस्क्यू अभियान दल के इन पांच जवानों ने महज दो दिन के भीतर करीब 350 लोगों को जिंदा संकेत की मदद से रेस्क्यू करने में कामयाबी पाई।

हालांकि इस पूरे अभियान में रेस्क्यू टीम को मदद के लिए स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। खाई के पार पहुंचने पहरी के रास्ता जाने में बने पुल के साथ लगभग 50 मीटर सड़क का हिस्सा भी पूरी तरह ढह गया था। जोहलथम जाने में बना पुल खाई के पानी में बह गया। इस कारण पहरी के विभिन्न हिस्सों में फंसे सैकड़ों सैलानियों, ड्राइवरों और कामगारों को रेस्क्यू करना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती थी। चश्मदीद वालों को बिना टिन लाइन और झूला पुल के पार करना खतरे से खाली नहीं था। तिंदी के एक पायलट पुलक को इस तरह जाने से पार करते समय एक जर्जर पत्थर के पहाड़ में काफी दूर तक धंस गए। हालात की गंभीरता को देखते हुए लाहौल-स्पीति प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान के लिए अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान की टीम को मदद के लिए बुलाया। रेस्क्यू दल ने पहले दिन शनिवार को दिन रहते लगभग करीब 150 लोगों को सुरक्षित खाने पर बचाया। दूसरे और तीसरे दिन जोहलथम वाले में भी टिन लाइन लगाई गई। इस टिन लाइन की मदद से दो दिन के भीतर करीब 200 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया गया। अपने जान जोखिम में डाल कर टीम के सदस्यों ने सकर की पहाड़ी में बनाए सेतु को उम्दा डिजाइन पेश की। जोहलथम पंचायत के प्रधान सुरेंद्र कोल ने कहा कि अगर यह रेस्क्यू टीम मदद के लिए नहीं आती तो अभी पहरी में कई लोग फंसे होते। टीम ने बिना आराम किए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। रेस्क्यू टीम में संस्थान के वरिष्ठ पर्वतारोहण गुरु ट्रेकिंग इंस्ट्रक्टर लुदर ढेरा, पवन कुमार, जितेंद्र, भूपेंदर डाभ और देवाशर शामिल रहे।

झूला पुल से सांड नाला पार कराने के लिए इंतजार करते लोग। - भास्कर

लाहौल घाटी में रेस्क्यू अभियान को सफल बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के कर्मचारी। - भास्कर

उदयपुर क्षेत्र में बादल फटने के बाद घाटी में फंसे 18 लोगों को हेलीकाप्टर से रेस्क्यू किया गया। इसके बाद गाड़ी से पनसाली पहुंचा। - भास्कर

घाटी में सड़क खुलने पर टिकी लोगों की नजर

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। पिछले तीन लाहौल में खाई आने के बाद फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। हेलीकाप्टर से रेस्क्यू किए गए लोगों में सर्वाधिक महिला व 53 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल रहे। लाहौल में मौसम खुलने के साथ ही घाटी के लोगों की नजरें अब सड़क जाम खुलने पर टिकी हैं। जोहलथम नाले में चौआसाल की तरह मालेच नाले को पार कर गई है। यहां बीच पर पार सहारे लगाई गई हैं। हालांकि नाले में पानी के स्तर को पहले की तरह कम दिख है। आशा की इस घड़ी में जिला मुख्यालय का संदेश लाहौल के लोगों के लिए है, यह सहारोसेत है। एसडीएम उदयपुर राज कुमार ठाकुर दिनभर लोगों को मदद के लिए मौके पर डटे रहे। उधरेंने शासन व प्रशासन क्षेत्र के लोगों के कामों को सहायक की है। - भास्कर

रस्सी, झूले बने जिंदगी का सहारा

दलदल से लुढ़क गई जीप, दो लोग घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

लाहौल-स्पीति के तिंदी में कुठाड़ बस स्टैंड के पास हुआ हादसा, एक घायल कुल्लू रैफर

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के तिंदी में कुठाड़ बस स्टैंड के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

वाहन शुक्रवार सुबह सड़क पर दलदल के चलते करीब 100 मीटर नीचे लुढ़क गया। इससे दो लोग घायल हुए। एक घायल को उदयपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद कुल्लू अस्पताल रैफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह जीप (चंबर एचपी 66-7691) कुठाड़ बस स्टैंड के साथ सड़क से नीचे लुढ़क गई। इससे जतिन कुमार, पुत्र रेवल, निवासी कुठाड़, डाकघर तिंदी, स्वब तहसील उदयपुर, लाहौल-स्पीति और राहुल कुमार पुत्र सर चंद, निवासी लोहरी, स्वब तहसील उदयपुर, लाहौल-स्पीति घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायलों को उदयपुर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से एक घायल को कुल्लू रैफर किया गया है।

उधर, इस बारे में पुलिस अधीक्षक मानव वर्मा ने कहा कि हादसे में जतिन को अधिक चोटें लगी हैं। उसे कुल्लू रैफर किया गया है।

सरकार ने रेस्क्यू अभियान में लगाया नया हेलीकाप्टर

जागरण संवाददाता, मंडी : प्रदेश सरकार ने नया हेलीकाप्टर शिमला पहुंचते ही रेस्क्यू अभियान में लगा दिया है। हेलीकाप्टर लाहुल स्पीति में फंसे पर्यटकों का रेस्क्यू करेगा। स्काई वन एवरवेज का यह 17 सीटर एमआइ-17वी2 हेलीकाप्टर दिल्ली से शुक्रवार को ही शिमला पहुंचा था। सरकार ने इसे सबसे पहले रेस्क्यू अभियान में लगाया है।

इस हेलीकाप्टर को लेकर कुछ दिन पहले विपक्ष ने जमकर विवाद किया था। इतने बड़े हेलीकाप्टर के लिए स्काई वन एवरवेज कंपनी के साथ किए गए करार को फिजूलखर्ची बताया था। सरकार ने जनजातीय क्षेत्र के लोगों की दिक्कत को देखते हुए बड़ा हेलीकाप्टर किराये पर लिया है। सर्दियों में जनजातीय क्षेत्र लाहुल-स्पीति, किन्नौर व चंबा के पांगी में बर्फबारी में फंसे या बीमार लोगों को एयरलिफ्ट करना पड़ता है। छोटा हेलीकाप्टर होने की वजह से बार-बार उड़ान भरनी पड़ती थी। खर्च अधिक आता था और लोग कम एयरलिफ्ट होते थे। प्रदेश सरकार ने यही बात विपक्ष के नेताओं को समझाने की कोशिश की थी। शिमला ग्रामीण के विधायक विक्रमादित्य सिंह ने बड़ा हेलीकाप्टर हायर करने के लिए सरकार के फैसले का समर्थन किया था।

विधायक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री राकेश जम्वाल ने कहा कि हेलीकाप्टर को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बेवजह शोर मचाया था। सरकार ने उस समय तर्क दिया था कि जनजातीय क्षेत्र के लोगों की दिक्कत को ध्यान में रखते हुए बड़े हेलीकाप्टर के लिए करार किया है। हेलीकाप्टर शिमला पहुंचते ही सरकार ने उसे सबसे पहले रेस्क्यू अभियान में लगा अपनी बात को सार्थक कर दिखाया है।

विपक्ष ने बड़े हेलीकाप्टर के करार को बताया था फिजूलखर्ची, सरकार ने बताया था जनजातीय क्षेत्र को लिए आवश्यक

बड़ी जिला के कागणी हेलीपैड पर खड़ा स्काई वन एवरवेज का हेलीकाप्टर। - जागरण

बारिश ने रोकी दिल्ली भुंतर उड़ान

रोहड़ रहड़ोगे, कुल्लू : बारिश की वजह से शनिवार को एयर इंडिया की दिल्ली-भुंतर उड़ान नहीं हो पाई। दिल्ली से कुल्लू-मनाली आने वाले 41 उपयोक्त कुल्लू से दिल्ली जाने वाले 21 यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एयर इंडिया के भुंतर एयरपोर्ट मैनेजर अखिलेश बिजली ने बताया कि शनिवार को बारिश की वजह से विजिबिलिटी कम होने के कारण उड़ान नहीं हो पाई। सुबह उड़ान दिल्ली से दोपहर तक ही आ पाया। एयर इंडिया इन सभी 62 यात्रियों को पुनिक की सारी रिफंड करेगा। वहीं, चंडीगढ़-शिमला-भुंतर के उड़ाई जा रही तीनों सेवा भी बारिश के कारण नहीं हो पाई। भुंतर एयरपोर्ट अथारिटी के निदेशक वीरेंद्र कुमार चौहानरत्न ने बताया कि बारिश और विजिबिलिटी कम होने के कारण उड़ान नहीं हुई है।

खाई में कार लुढ़कने से पटवारी की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

केलांग से सिस्सू जाते हादसा एक घायल अस्पताल में भर्ती

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जिला लाहौल-स्पीति में रविवार सुबह सिस्सू के पास एक कार गहरी खाई में लुढ़क गई। हादसे में पटवारी की मौत हो गई है।

पटवारी सिस्सू में तैनात था। वह सुबह के समय कार में सिस्सू की तरफ जा रहा था। इस बीच हादसे का शिकार हो गया। हादसे में एक अन्य किशोर घायल हुआ है। उसका केलांग अस्पताल में उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब सात बजे कार केलांग से सिस्सू की तरफ जा रही थी। इस दौरान जैसे ही यह कार सिस्सू के पास नाले में पहुंची तो अचानक 500 मीटर नीचे खाई में लुढ़क गई। इससे दशो निवासी (35) सगनम, जिला लाहौल-स्पीति की मौत हो गई। उरज्ञान (16) निवासी सगनम, जिला लाहौल-स्पीति गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क हादसे की सूचना

रोपसंग में दुर्घटनाग्रस्त कार। - संवाद

मिलते ही लाहौल-स्पीति पुलिस भी मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया है। हादसे के बाद मृतक के परिजन गहरे सदमे में है। उधर, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मानव वर्मा ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में घायल होने वाला का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

सिस्सू में सड़क हादसा ट्रक चालक की मौत

कुल्लू। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के सिस्सू में सोमवार रात को ट्रक और कार की टक्कर का मामला सामने आया है। इस हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है।

कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक सीधा गोभी के खेत में जा गिरा। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। हालांकि कार में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था। ट्रक चालक इस बीच हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए केलांग अस्पताल भेजा।

बताया जा रहा है कि रात के समय ट्रक केलांग से मनाली की ओर आ रहा था। एसपी लाहौल-स्पीति मानव वर्मा ने कहा कि मृतक की पहचान ट्रक चालक विनोद कुमार निवासी कलथर, डाकघर बाहणू, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी के रूप में हुई है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। संवाद

भरतपुर नाले में बहने से गुजरात के ट्रैकर की मौत

केलांग। मनाली-लेह राष्ट्रीय मार्ग तीन पर भरतपुर में एक ट्रैकर के नाले मे बह जाने से मौत हो गई है। भरतपुर में एक नाले को पार करते समय यह हादसा पेश आया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर केलांग पहुंचाया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद निवासी रुषव एम शाह पुत्र सुनेश कुमार भरतपुर के समीप नाले के पानी मे बह गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

रुषव एक ट्रैकर था, जो हिमाचल और लद्दाख की पहाड़ियों में ट्रेकिंग के लिए आया था। एसपी मानव वर्मा ने बताया कि 29 वर्षीय रुषव के शव को पोस्टमार्टम के लिए केलांग लाया गया है और शनिवार को क्षेत्रीय अस्पताल केलांग में शव का पोस्टमार्डम किया जाएगा।

कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। मामले की गहनता के साथ छानबीन की जा रही है। सभी पहलुओं का ध्यान रख रहे। संवाद

जलमग्न हुए घर, प्रभावित दो परिवारों ने तंबुओं में काटी रात

लाहौल के प्रभावित बोले- रात को भूस्खलन होता तो जातीं कई जानें

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रशासन ने की खाने और रहने की व्यवस्था, लकड़ी-राशन बहा

उदयपुर (लाहौल-स्पीति)। लाहौल में तड़ंग गांव निवासी देवी चंद और जिंव लाल के परिवारों को शुक्रवार की तंबुओं में रात काटनी पड़ी। बीते शुक्रवार की चालड़ा और जसरथ गांव के बीच पहाड़ी दरकने से चंद्रभागा नदी का बहाव दो घंटे तक रुक गया था। इससे जमीन और तड़ंग गांव जलमग्न हो गए थे। हालांकि, अब हालात सामान्य हो रहे हैं, लेकिन दोनों प्रभावित परिवारों के घरों में पानी भर गया है। रमेश लाल और प्रेम के मकान भी पानी की चपेट में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रेम पिछले कुछ साल से जुदा गांव में रहते हैं, लेकिन उनका पुराना मकान जलमग्न हो गया है। प्रभावित प्रेम लाल, सुखदास और राजेंद्र ने बताया कि यदि रात के समय ऐसी आपदा आई होती तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। कहा कि सरकार और प्रशासन ने रहने और खाने-पीने की उचित व्यवस्था की है। प्रेम लाल ने कहा कि उनके कमरों के कई हिस्सों में दरारें आई हैं।

लगभग दस साल के लिए सर्दियों के लिए एकत्रित लकड़ी भी बह गई है। फसलों, घर में रखे राशन और अन्य सामान को भी

खेतों में टेंट लगाकर रह रहा लाहौल के तड़ंग गांव का प्रभावित परिवार।

नुकसान पहुंचा है। राजस्व विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। टीम रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा ने कहा कि वह प्रभावित परिवार के संपर्क में हैं। बिजली बोर्ड को क्षतिग्रस्त विद्युत तार को दुरुस्त करने व लोगिंग को जसरथ से तड़ंग गांव को जाने

खौफनाक मंजर से सहमा मासूम

तड़ंग गांव के राजेंद्र का चार वर्षीय बेटा शिवांश जलस्तर चढ़ने के खौफनाक मंजर को भूल नहीं पा रहा है। शिवांश के पिता राजेंद्र ने बताया कि शुक्रवार उनका बेटा यही कह रहा है कि देखो हमारा घर डूब रहा है। अब हम कहां जाएंगे। परिवार उसे सांड्स बंधाता रहा, लेकिन मासूम सो नहीं पाया।

वहीं सड़क को दुरुस्त करने के आदेश दिए हैं।

सिस्सू नर्सरी के समीप टैंकर पलटा, चालक घायल

केलांग (लाहौल-स्पीति)। मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर शनिवार को सिस्सू नर्सरी के समीप टैंकर स्किड होकर सड़क पर पलट गया। इस सड़क हादसे में टैंकर चालक सुखविंदर सिंह (52) फिरोजपुर पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि हादसे में चालक को बाजू पर गहरी चोट आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल केलांग पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और आपदा प्रबंधन के कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। आपदा प्रबंधन के प्रभारी नितिन ने बताया कि सड़क हादसे की जानकारी प्रशासन और पुलिस विभाग को दे दी गई है। टैंकर लेह से वापस पंजाब लौट रहा था। संवाद

ट्रक-बाइक में टक्कर, युवक की मौत

कुल्लू। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के गोंपाथंग में एक ट्रक और बाइक की टक्कर होने का मामला सामने आया है। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात को लाहौल के गोंपाथंग गांव में एक ट्रक और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया।

इससे पहले कि हादसे में घायल युवक को उपचार मिल पाता। गहरे जख्म होने के चलते उसकी मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही लाहौल-स्पीति पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में एसपी मानव वर्मा ने कहा कि मृतक की पहचान कर्ण पुत्र लच्छी राम, निवासी 15 मील, तहसील मनाली, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। संवाद

गैमूर में कार लुढ़कने से तीन लोग घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

जिस्पा की तरफ जाते समय हादसा, घायलों का केलांग में चल रहा उपचार

केलांग (लाहौल-स्पीति)। जिला लाहौल-स्पीति के गैमूर में रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे लुढ़क गई, जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों का केलांग अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार कार सुबह करीब पौने नौ बजे गैमूर से जिस्पा की तरफ जा रही थी।

इस दौरान गैमूर के पास पहुंचते ही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे 15 मीटर नीचे लुढ़क गई। कार में सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे का पता चलते ही लोग वहां पर पहुंचे। घायल दीपक चौहड़ (31), निवासी गांव स्तोंगरी, डाकघर पुरनाथ, लाहौल-स्पीति, राहुल निवासी जाहलमा, उदयपुर, लाहौल-स्पीति, अमित निवासी जाहलमा, उदयपुर लाहौल-स्पीति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैमूर पहुंचाया।

वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें केलांग अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस

ब्यास नदी में मिला युवक का शव

कुल्लू। भुंतर के पास जिया पुल से पार्वती नदी में गिरे युवक का दुरला के पास ब्यास नदी में शव बरामद हुआ है। युवक शुक्रवार को पुल से गिर गया था। इसके बाद युवक की तलाश नदी के किनारे सइकाई, कलैहली, चजौरा में की गई। लेकिन उसका पता नहीं चला। तहसीलदार डीसी ने शनिवार को युवक का शव बरामद हुआ। युवक की पहचान गौतम (24) निवासी गांव व डाकघर जिया तहसील भुंतर के रूप में हुई है। उधर, एसपी गुरदेव शर्मा ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कुल्लू अस्पताल लाया गया। कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

अधीक्षक मानव वर्मा ने हादसे की पुष्टि की है। मामले की छानबीन चल रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है।

लाहौल के खुरिक में भूस्खलन; दो मजदूर दबे, एक की मौत

मंडी, कांगड़ा और शिमला जिले में झमाझम बारिश; 84 छोटी-बड़ी सड़कें बंद, प्रदेश में पांच घर क्षतिग्रस्त

मंडी जिले के नंजकलाच-सीलीधोबाणी-कानघाटी मार्ग पर गिरे पत्थरों के ढेर से गुजरता यातायात। संवाद

जलगढ़ के गोपालपुर में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ मकान। संवाद

खेत-घर हो गए जलमग्न

लाहौल-स्पीति के उदयपुर के नालडा के सामने पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर चंद्रभागा नदी में गिर गया। नदी का प्रवाह रुकने से जसरथ गांव के खेतों में घुसा पानी। -संवाद
ऊना। जिले में दो दिन हुई बारिश से दो विभागों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। बारिश से करीब 91 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

बारिश और तूफान चलने से विद्युत बोर्ड को जिलाभर में करीब 27 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग को 60 लाख रुपये की चपत लगी है।

जिले में बारिश से कच्चे मकान और पशुशाला ढह जाने से करीब चार लाख 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जिला में बारिश होने से विद्युत ऊना मंडल के तहत तीन लाख और गगरेट मंडल के तहत 12 लाख तथा अंब मंडल के तहत लगभग 12 लाख का नुकसान हुआ है। दो दिन नुकसान और बारिश से जीतपुर खोरी, गोदपुर खनेड़ा, भंजाल, स्योरा, कुटियाड़ी, ठठल, पंजोअ आदि गांवों में पेड़ों और उनकी टहनियों के टूटने से विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मर को काफी नुकसान पहुंचा है। अंब मंडल के एक्सईएन मोहन भौरव ने बताया कि विद्युत बोर्ड के कर्मचारी सुबह होते ही विद्युत सिस्टम को दुरुस्त करने में जुट गए। दोपहर तक सभी 725 के करीब ट्रांसफार्मर को चालू कर दिए गए थे। शेष बचे 3 ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। लोक निर्माण विभाग के एसई एचपी सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के भरवाई डिवीजन में बारिश से सड़कों को करीब 60 लाख का नुकसान हुआ है।

भारी भरकम आम का पेड़ गिरा, बाल-बाल बचा परिवार

ऊना। शनिवार को आए तूफान ने जहां जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया था। वहीं रविवार सुबह चार बजे नंगल जरियालां गांव में भारी भरकम आम का पेड़ गिर गया। इससे पास ही सो रहा एक परिवार बाल-बाल बच गया।

बताया जा रहा है कि नंगल जरियालां के निवासी के तालाब पर खड़ी पुराना आम का वृक्ष एकाएक भरभराई हो गया। इससे नंगल जरियालां में आवागमन बंद हो गया। गनीमत रही कि रात होने के कारण सड़क पर आवाजाही नहीं थी और पास में स्थित घर में सुबह रविवार के सभी सदस्य अंदर सोए थे।

इस वजह से उनकी चपेट में न आए। बताया जाता है कि सुबह करीब चार बजे के करीब एक राहगीर ने आम का पेड़ गिरा देखा तो उसने इसकी सूचना पंचायत प्रधान को दी। इसके बाद पंचायत प्रधान सोनिया भारद्वाज और उपप्रधान हरीश चंद्र किनेरा के अलावा पंचायत के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचकर आम के पेड़ को काटकर हटवाया। इससे सड़क पर आवागमन शुरू हो पाया। इस बारे में नंगल जरियालां पंचायत की प्रधान सोनिया भारद्वाज और उपप्रधान हरीश चंद्र किनेरा कैप्टन सुरजीत जरियाल ने बताया कि सुबह ही आम के पेड़ को हटाने में सहयोग दिया। -अमर

नंगल जरियालां गांव में गिरा आम का पेड़। अमर

मानसून की दस्तक, ऊना में 15.5 मिमी बारिश

ऊना। मानसून की दस्तक के चलते जिला ऊना में 15.5 मिमी बारिश हुई। इससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जिला के लोगों को भीषण गर्मी और दोपहर के समय चलने वाली गर्म लू से राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार प्री मानसून करीब एक सप्ताह पहले आ गया है। इसके चलते पहली भारी बारिश शनिवार आधी रात को हुई। इससे जिला के किसानों को फसलों की सिंचाई से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग ने रविवार को जिला का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बारिश के आसार जताए हैं। देर रात हुई बारिश के साथ जिला में तेज तूफान भी चला। इससे लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ा।

मौसम विशेषज्ञ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में भी बारिश होने के आसार हैं। -संवाद

अंब क्षेत्र में बारिश के बाद गिरे पेड़ से क्षतिग्रस्त बिजली के तार। -संवाद

लड़ोली में तूफान के कारण मकान पर गिरा पेड़। -संवाद

ऊना में क्षतिग्रस्त खंभा। -संवाद

अंब में अंधड़ से ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान

अंब (ऊना)। तूफान के चलते उपमंडल अंब में आधा दर्जन से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। शुक्रवार देर रात तूफान के चलते सात मकानों को भारी नुकसान होने की सूचना है।

तूफान इतना तेज था कि कहीं पेड़ टूटकर मकान पर आ गिरे तो कहीं मकानों की छतें उड़ गईं। तूफान के कारण लड़ोली में कमला देवी पत्नी राय सिंह के स्लेटपोश मकान पर एक भारी भरकम पेड़ आ गिरा। इस कारण मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना में एक लाख बीस हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। इसके अलावा खुरी गांव में अजय कुमार पुत्र बलवीर सिंह के मकान को तूफान के कारण क्षति हुई है। इसमें 35 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। पतेहड़ में तूफान से रोशन लाल पुत्र बाबू राम की पशुशाला नष्ट हो गई। इसमें लगभग चालीस हजार रुपये के नुकसान हुआ है। ज्वार में सोनी कुमार पुत्र स्वर्ण सिंह के मकान को हानि हुई है। इसमें दस हजार रुपये का नुकसान है। पैड़ी में सुरिंद्र कुमार पुत्र बिंदे चंद के मकान को क्षति के कारण पंद्रह हजार रुपये, परमजीत पुत्र किशन चंद के मकान को तूफान के चलते क्षति पहुंची है। इससे बीस हजार रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। सनोह में गुरनाम सिंह पुत्र नत्थू राम के मकान को क्षति पहुंची है। इसमें दस हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। तहसीलदार अंब अभिषेक भास्कर ने बताया कि नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। सात मकानों को लगभग ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। -संवाद

अंब में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर। -संवाद

तूफान से उखड़ी खनन विभाग की चेक पोस्ट, तीन घायल

देवेंद्र सूद। गगरेट

उपमंडल गगरेट में आए तेज तूफान व बारिश में हिमाचल-पंजाब सीमा पर खनन विभाग की चेक पोस्ट उड़ गई। इस हादसे में तीन लोग घायल भी हुए, वहीं लाखों रुपये का नुकसान भी हुआ है। घायल चालक को उपचार के लिए होशियारपुर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात्रि आए तेज तूफान व बारिश से हिमाचल-पंजाब सीमा पर स्थित खनन विभाग की चेक पोस्ट उड़ गई, जिसमें इस हादसे में खनन विभाग के निरीक्षक गुरदयाल सिंह, होमगार्ड करमदीन व एक अन्य चालक हरदयाल सिंह घायल हो गए। परिवहन विभाग के टावर की वजह से इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल गगरेट में भर्ती करवाया गया। चालक हरदयाल सिंह की हालत गंभीर होने के चलते उसे पंजाब के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस तूफान में गगरेट बिजली बोर्ड को भी 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, तो वहीं खनन विभाग को 3 लाख व परिवहन विभाग को करीब 1.50 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। हादसे के बाद जिला खनन अधिकारी नीलकांत व परिवहन विभाग के एआरटीओ राजेश कौशल ने मौके पर पहुंचकर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया है। खनन विभाग की इस चेक पोस्ट का कुछ माह पहले ही मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने ऑनलाइन लोकार्पण किया था।

● लाखों रुपये का नुकसान

तूफान से उखड़ कर पड़ी चेक पोस्ट।

बिजली विभाग को हुआ 12 लाख रुपये का नुकसान

अंब। शनिवार तड़के आए तूफान से विद्युत मंडल अंब के अंतर्गत विभाग को करीब 12 लाख का नुकसान हुआ है। दो दिन पहले तूफान के बाद आये तेज तूफान से गीतपुर बहेरी, खोंदपुर बनेड़ा, मंजाल, लोअरा, कुठियाड़ी, ठठल व पंजोआ आदि गावों में पेड़ों और उनकी टहनियों के टूटने से विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मर को काफी नुकसान पहुंचा है। विद्युत विभाग के कर्मचारी सुबह होते ही विद्युत सिस्टम को दुरुस्त करने में जुट गए और दोपहर तक सभी 725 के करीब ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया गया था, जबकि शेष बचे 3 ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

'नंगल जरियालां में तूफान से आंगन में गिरा आम का वृक्ष'

रात होने की वजह से बाल-बाल बचे घर के सदस्य एवं राहगीर

नंगल जरियालां/पनारी, 13 जून (दीपक/पाराशर): शनिवार रात आए तेज तूफान ने जहां जिलाभर में खूब कहर बरपाया, वहीं गगरेट विधानसभा क्षेत्र में भी तूफान से कई जगह नुक्सान होने का समाचार प्राप्त हुआ है।

रविवार सुबह 4 बजे तेज बारिश और तूफान से गांव नंगल जरियालां मियां के तालाब पर राजस्व विभाग के कार्यालय के समीप सड़क किनारे वर्षों पुराना आम का वृक्ष ढह गया।

गनीमत रही कि उस समय रात होने के कारण सड़क पर कोई भी आवाजाही नहीं थी और पास में स्थित घर के सभी सदस्य सोए हुए थे।

ग्राम पंचायत नंगल जरियालां के पूर्व प्रधान राजिन्द्र सूद ने बताया कि सुबह 4 बजे के करीब उक्त आम के पेड़ के गिरने की जोरदार आवाज हुई, जिससे वे घबरा गए और एकदम बाहर आकर देखा तो आंगन में आम का वृक्ष गिरा हुआ था। उन्होंने बताया कि हालांकि आम का पेड़ उनके आंगन में गिरा है लेकिन फिर भी कोई भी जानमाल का नुक्सान नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि इस सड़क पर पूरा दिन वाहनों की आवाजाही लगी रहती है और अगर कहीं यह आम का वृक्ष दिन के समय में गिरता तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। सुबह होते ही ग्राम पंचायत सदस्य तथा लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर इस भारी-भरकम आम के पेड़ को काटकर सड़क से हटवाया।

लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ. कुशल सिंह डडवाल से जब पूछा कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के किनारे और भी कई जगह जर्जर पेड़ हैं जोकि कभी भी गिर सकते हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम से सकते हैं तो उन्होंने बताया कि सड़कों के किनारे पर स्थित सभी पेड़ों पर वन विभाग का अधिकार होता है और उन्होंने अपने क्षेत्रों के सभी ऐसे पेड़ों को चिन्हित करने के पश्चात कटवाने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर फाइलें वन विभाग व तहसीलदार को सौंप दी हैं।



नंगल जरियालां : शनिवार रात आए तूफान से सड़क पर गिरे वर्षों पुराने आम के पेड़ को काटकर रास्ता बहाल करवाते हुए पंचायत प्रतिनिधि व अन्य। (दीपक)

'ओलावृष्टि व तूफान से आम की फसल तबाह'

मुबारिकपुर (केहर): पिछले कल आए तूफान व ओलावृष्टि से आम की फसल लगभग तबाह हो गई, जिससे किसानों को काफी हानि हुई है। ओलावृष्टि से किसानों की उगाई हुई सब्जियों पर भी भारी असर पड़ा है। स्थानीय किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। किसानों बलदेव सिंह, अश्विनी कुमार और रमेश ने सरकार से फसल को हुए नुकसान का आकलन कर हुए किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

Dated 17.06.2021

आक्रोश | लोगों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ की नारेबाजी, सड़क पर पानी जमा होने से हो रही दिक्कत

कांगड़ में सड़क बनी तालाब, घरों में घुसा पानी

राज्य संवाददाता, हरोली : उपमंडल हरोली के भाई जी का मोड़ से पालकवाह तक 10 करोड़ रुपये से बन रही सड़क बिल्डरों में घिर गई है। लोक निर्माण विभाग की ओर से ठेकेदार मानदेव अग्रवाल से सड़क के दोनों तरफ के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आठ किलोमीटर लंबी सड़क को कोलतार व सीमेंट युक्त बनाया जा रहा। सड़क को कहीं ऊंचा व कहीं नीचा किया गया है। इससे बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसकर नुकसान पहुंच रहा है।

निकासी न होने से पानी खेतों में जमा होकर फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सड़क पर पानी जमा होने से राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। बुधवार को भी बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। कांगड़ में तो सड़क ने तालाब का रूप धारण कर लिया।

कांगड़ में सड़क पर जमा बारिश के पानी को दिखाते ब्लॉक कांग्रेस हरोली के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू (सफेद) व लोग ● जागरण

ब्लॉक कांग्रेस हरोली के अध्यक्ष विनोद बिट्टू की अगुवाई में पंचायत प्रधान नीलम देवी, उपप्रधान गणेश कौशल व ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विभाग से जल्द कांगड़ में जलभराव की समस्या का समाधान करने की मांग की है। विनोद बिट्टू ने बताया कि उन्होंने व ग्रामीणों ने ठेकेदार, एसडीओ व जेई को समस्या से अवगत करवाया था लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। 15 दिन के भीतर पानी की उचित निकासी का प्रबंध नहीं किया तो वे विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे।

10 करोड़ रुपये से हरोली के भाई जी का मोड़ से पालकवाह तक बन रही सड़क

15 दिन के भीतर पानी की उचित निकासी का प्रबंध नहीं किया तो विभाग के कार्यालय का करेंगे घेराव

ठेकेदार, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ व कनिष्ठ अभियंता को समस्या से अवगत करवाने के बाद भी नहीं किया समाधान

गांव कांगड़ के लोगों ने कांगड़ का पानी लेने के लिए कार्य कर रहे का पानी रोक दिया है। इस कारण पानी निकासी नहीं हो रही है। ठेकेदार हरोली की ओर से निकासी करने के बाद ही निर्माण करवाया जाएगा।

-राजेश पाठक, [illegible] लोक निर्माण विभाग हरोली

कांगड़ में सड़क पर खड़े पानी की समस्या से राहगीर परेशान

हरोली, 16 जून (दप्रा): विधानसभा हरोली के गांव कांगड़ में सड़क पर खड़ा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय ग्राम पंचायत की प्रधान नीलम देवी, पूर्व प्रधान एवं हरोली ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, उपप्रधान गणेश कौशल, पंच रजनी देवी, सरिता देवी, सोमा देवी, पूर्व पंच कमलेश कुमारी, माहिंद्र पाल, गुरदेई, बलविंद्र कुमार, विजय कुमार, सीमा देवी, भोली देवी व प्रवीण देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि सलोह से पालकवाह तक बन रही लोअर सड़क के गांव कांगड़ में बारिश का पानी भारी तादाद में खड़ा हो रहा है जिस कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग हरोली उपमंडल के एस.डी.ओ. राजेश पाठक ने बताया कि गांव कांगड़ में सड़क पर जहां बारिश का पानी खड़ा है, वहां पर सीमेंट कंक्रीट की सड़क बनाई हुई है।

हरोली : कांगड़ में सड़क पर खड़े पानी में गुजरते लोग। (दप्रा)

सड़क के दोनों ओर मिट्टी लगाकर किनारों को ऊंचा किया हुआ है जिस कारण वहां पर से पानी की निकासी नहीं हो पा रही।

उन्होंने बताया कि इस समस्या के हल करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

Dated 19.06.2021

आपदा से निपटने के लिए मशीनरी तैयार रखें : निधि

ऊना। मानसून के दौरान अत्यधिक बारिश और अन्य किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग मशीनरी तैयार रखें। अनिवार्य मशीनरी का निरीक्षण करने और दुरुस्त करने के अलावा फील्ड में जाकर अधिकारी निरीक्षण करें। यह निर्देश एसडीएम सदर डॉ. निधि पटेल ने मानसून की तैयारी को लेकर हुई बैठक में अधिकारियों को दिए।

एसडीएम ने कहा कि इस महीने के अंत तक मानसून के ऊना में आने का पूर्वानुमान है। ऐसे में विभागों को समय रहते तैयारी कर लेनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को नदी नालों की सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने आईपीएच को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल योजनाओं के रखरखाव और क्लोरीनेशन करने के निर्देश भी दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत बोर्ड, खाद्य आपूर्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने विभागों को अधीनस्थ अधिकारियों को आपदा से निपटने के लिए कमेटी का गठन कर और दूरभाष नंबर सूची तैयार कर एसडीएम कार्यालय को प्रस्तुत करने को कहा ताकि आपात स्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके।

उन्होंने शहरी निकायों और खंड विकास अधिकारी ऊना को पंचायत स्तर पर लोगों को बरसात में सचेत करने के आदेश दिए।

Dated 12.07.2021

बारिश से लोगों को मिली राहत

जिले में 12.6 मिमी बरसे मेघ, फसलों को मिली संजीवनी

ऊना में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना। जिले में रविवार से मानसून ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दी है। सुबह के समय बरसात का दौर शुरू होने से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत पाई। मौसम विभाग के अनुसार जिले में पांच दिन तक बारिश होने के आसार हैं।

सूखे के कारण जिले के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मानसून शुरू होने से फसलों को भी पानी मिल गया है। अब किसानों को मक्की की बंपर पैदावार की उम्मीद जग गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को ऊना का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। ऊना में रविवार सुबह 12.6 मिमी बारिश हुई। विभाग के अनुसार 24 घंटे में मानसून दिल्ली से हिमाचल पहुंच गया है। जिले में मानसून की पहली बारिश होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

गर्मी से राहत

जमकर बरसे मेघ, पानी से खेत लबालब

बारिश फसलों के लिए संजीवनी, अब तक थे सूखे के हालात, बारिश न होने से 30 प्रतिशत तक खराब हो चुकी है मक्की की फसल

UNA KESARI

कई दुकानों में बारिश का पानी घुसने से हुआ नुक्सान

बारिश से किसानों के चेहरे पर आई रौनक

नुकसान सामान्य से आई ज्यादा

भारी बारिश से ऊना जलमग्न, गर्मी से राहत

Dated 13.07.2021

डीसी कार्यालय; कोर्ट परिसर समेत कई जगह जलभराव, अपर बढ़ेड़ा में दुकानों और घरों में घुसा पानी, लोग परेशान

80.4 मिमी बारिश

बारिश से 23.50 लाख का नुकसान

गगरेट में भी भरा पानी

Dated 20-07-2021

बरसात की पहली ही बारिश में ऊना जलमग्न

डीसी ऑफिस कैंपस में हुआ जलभराव, सड़क से कट गई पंडोगा पुलिस चौकी

चंद्रमोहन चौहान। ऊना

लंबे इंतजार के बाद सोमवार को ऊना में जमकर मेघ बरसे। बरसात के मौसम में बरसाती पानी की सबसे पहली डेस्टिनेशन एक बार फिर डीसी ऑफिस कैंपस बना। करीब आधे घंटे तक तेज बरसने के बाद ही डीसी ऑफिस कंपलेक्स पूरी तरह से जलमग्न हो उठा। लंच ब्रेक के दौरान अपने अपने कार्यालय से बाहर निकले कर्मचारियों को जूते शाखों में उठा कर कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। यहीं, भारी बारिश के बाद डीसी ऑफिस कैंपस में पानी घुस जाने से पुलिस विभाग के कर्मचारी भी इसमें ऑफिस को बरसाती पानी की चपेट में आने से बचाने की जद्दोजहद करते दिखे। जिला मुख्यालय के ही वार्ड 1 की कई गलियों में पानी भर गया। ऊपर हरोली उपमंडल की पंडोगा पुलिस चौकी का संपर्क मुख्य सड़क मार्ग से कट गया।

पुलिस चौकी और ऊना-होशियारपुर रोड के बीच बरसाती पानी ने काफी गहरा नाला खोद डाला। गौरतलब है कि जिला में करीब एक महीने से बारिश का इंतजार किया जा रहा था। लगभग 1 माह से भीषण गर्मी से त्रस्त लोग लगातार आसमान की तरफ टकटकी लगाकर देख रहे थे। लेकिन सोमवार को जब जिले के

ऊना। मिनी सचिवालय ऊना के अंदर जमा पानी व पार्किंग में खड़े वाहन पानी में डूबे हुए।

तालाब बना जालंधर-मनाली नेशनल हाईवे

गगरेट। उपमंडल हुई बारिश में जालंधर-मनाली नेशनल हाईवे गगरेट बाजार में तालाब का रूप धारण कर गया, तो वहीं कई दुकानों व घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को नुकसान हुआ है। सोमवार को गगरेट उपमंडल में जमकर मेघ बरसे गगरेट बाजार में बारिश का पानी लोगों की दुकानों में जा घुसा गगरेट नगर पंचायत के भरवाई रोड पर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते हर साल बरसात में गगरेट -सुआरिकापुर मार्ग तालाब का रूप धारण कर जाता है। वहीं ऊना रोड पर भी एक बरसाती नाला खुद उफान पर था, जिसके चलते ट्रैफिक बाधित रहा। इस नाले को संकरा कर इसकी चौड़ाई कम करने पर अब यह बरसाती नाला किसानों की उपजाऊ भूमि को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं भरवाई रोड पर बारिश का पानी राजेश कुमार की टायरों की दुकान में जा घुसा। वहीं नगर पंचायत गगरेट में एक बरसाती नाले को एक भाजपा नेता द्वारा बंकरा किए जाने के चलते इस नाले का पानी किसानों के उपजाऊ खेतों में नुकसान पहुंचा रहा है।

घतियाल में मनोहर मार्केट में लाखों का नुकसान

धमांदरी। गांव घतियाल में स्थित मनोहर मा कैट सोमवार को हुई भारी बारिश से दुकानों व घरों में पानी घुस गया पानी के चलते दुकानदारों व लोगों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि पानी की निकासी की समस्या को लेकर 1100 नंबर पर शिकायत की,लेकिन समस्या का हल नहीं हो पाया है।

लोगों की चाहिए की खुशी पूरी हुई तो कुछ ऐसी हुई कि हर जगह जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन गई।

जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

ऊना। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपायुक्त राघव शर्मा ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश एवं अगले कुछ दिनों के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी से भू-स्खलन वाले पहाड़ी इलाकों की यात्रा करना फिलहाल टालने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आपदा या दुर्घटना की स्थिति में 1077 या 01975-225045, 225046, 225049, 225052, 9459457476 नंबरों पर संपर्क करें। एसडीएम ऊना 8130475235, एसडीएम अंब 9996047763, एसडीएम बंगाणा 9418139700, एसडीएम हरोली 8091253331 और एसडीएम गगरेट 9816522214 के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त 9418360989, उपायुक्त ऊना 7018999701, 9816818005 के दूरभाष नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

ऊना/हौलपुर चौक : भारी बारिश के चलते कुरीयाल गांव में लोगों के घरों में घुसा बरसाती पानी, (बाएं) भारी बारिश के चलते रिवाली गांव में जलमग्न हुई सड़क और सड़क का छोर। बरसाती पानी की निकासी न होने से यहां पुराने बने दर्जनों से ज्यादा मकान खतरा पड़ा है (दाएं) हौलपुर चौक के बंद गांव में लोगों के घरों में घुसा पानी।

पुलिया को बंद किया, बारिश से छज्जू राम का मकान ढहा

एसडीएम ऊना डॉ. निधि पटेल मौके पर पहुंची

ऊना,(आपका फैसला)। जिला ऊना उपमंडल के सहत पड़ती ग्राम पंचायत झंबर के गांव सूरजेहड़ा निवासी छज्जू राम को उस समय आपदा आ पड़ी, जब निजी भूमि मालिकों द्वारा लोगों के घरों का गंदा पानी पुलिया के बीच से ना आने को लेकर पुलिया को बंद कर दिया गया। इस विवाद के बीच बंद पड़ी पुलिया का खामियाजा मूसलाधार बारिश में दलित गरीब छज्जू राम को झेलना पड़ा है। जबकि निजी भूमि मालिकों का कहना है कि इस विवाद में छज्जू राम का कोई कसूर नहीं है। उन्होंने अन्य लोगों के घरों से आ रहे गंदे पानी को लेकर पुलिया के ऊपर मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप रविवार रात्रि से हो रही मूसलाधार बारिश ने दलित बस्ती का रुख कर लिया और जलभराव होने से छज्जू राम का कच्चा मकान ढह गया। सूचना के बाद मुसीबत में फंसे छज्जू राम को राहत प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत उप प्रधान जीवन शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का जायजा लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन को मामला सुलझाने की गुहार लगाई। इसके बाद एसडीएम ऊना डॉ निधि पटेल, राजस्व विभाग से तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी, लोक निर्माण विभाग इत्यादि पुलिस दलबल व मशीनरी सहित गांव सूरजेहड़ा में पहुंच कर राहत कार्य में जुट गई। डॉ. निधि पटेल ने इस प्रकार से पुलिया के पानी को अवरुद्ध करने वाले लोगों की लताड़ भी लगाई और लोगों से सहमति जताकर मौके पर पानी की निकासी को सुचारू करने के आदेश दिए। वहीं, ग्राम पंचायत झंबर के उप-प्रधान जीवन शर्मा ने बताया कि ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि विभाग मंत्री वीरेंद्र कंवर द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कुरियाला मोड़ से धर्मांदरी चरेड़ा तक करीब 10 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट के तहत जहां सड़क का निर्माण किया गया था। इसके बीच सूरजेहड़ा में जहां पानी की निकासी के लिए पुलिया डाली गई थी। जिसे मालिकों द्वारा लोगों के घरों के गंदे पानी का हवाला देकर मिट्टी डाल बंद कर दिया है। अब बारिश होने से जहां पानी का तेज बहाव स्थानीय दलित बस्ती की ओर चला गया है। जिसमें निर्धन छज्जू राम का कच्चा मकान ढह गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित का करीब दो से तीन लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। ऐसे में प्रशासनिक टीम ने फौरी राहत देने का भी आश्वासन दिया है।

खेतों में घुसा पानी, मक्की की फसल को हुआ नुकसान

जोल (ऊना)। सोहारी सड़क पर नाली नहीं बनने से बारिश का पानी बड्डुहा के घरों में घुस गया। सड़क के किनारे पानी निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं है। इस कारण खेतों में भी पानी घुसा और तबाही मचाई।

बड्डुहा गांव के गुरुदेव सिंह के बरामदे में पानी भर गया और मशीन को नुकसान पहुंचा। मदन लाल और सुरेंद्र कौर के घर में पानी भी घुस गया है। देर रात भारी बारिश से मक्की की फसल को भी नुकसान हुआ है।

रामनगर गांव में भी सड़क पर पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने से भूमि कटाव हो रहा है। ग्रामीण में सुरेश कुमार, अंकुश कुमार और पवन कुमार ने चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर सिंह से आग्रह किया है कि इस समस्या का समाधान जल्द करवाया जाए। लोक निर्माण विभाग एसडीओ जोल मोहिंदर सिंह भाटिया ने बताया कि यह मामला उनके ध्यान में आया है। जल्द सड़क के किनारे कच्ची नाली बना दी जाएगी और बरसात खत्म होने के बाद पक्की नाली का भी प्रावधान कर दिया जाएगा। -संवाद

वैकल्पिक सड़क से चली गाड़ियां

ऊना। गगरेट के संघनई गांव में खड्ड का पानी आने से गगरेट-दौलतपुर सड़क बाधित हो गई। बरसाती पानी आने से यहां से वाहनों की आवाजाही रुक गई। इससे गाड़ियों को वैकल्पिक रास्ते से जाना पड़ा। कुछ समय बाद पानी का स्तर कम होने से सड़क फिर से बहाल हो गई। -संवाद

Dated 21-07-2021

बंगाणा के धतोल में भारी बारिश से गिरा मकान के साथ लगता डंगा

बंगाणा, (आपका फैसला)। उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत धतोल में बीती रात भारी बारिश होने के कारण सरोज कुमारी के घर के साथ लगता डंगा ध्वस्त हो गया। वहीं सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार एवं बीडीसी अध्यक्ष

बीडीओ बंगाणा ने मौके पर जाकर 50 हजार की धनराशि की स्वीकृत, एक सप्ताह में होगा कार्य शुरू

देवराज शर्मा ने मौके पर जाकर नकसान का जायजा लिया और संबंधित पटवारी से नुकसान की रिपोर्ट तलब करके 50 हजार की धनराशि उक्त डंगे के लिए खंड विकास अधिकारी ने स्वीकृत की और एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करने के आदेश दिए। बताते चलें कि उक्त पीड़ित परिवार अति निर्धन कैटेगिरी से भी नीचे है और सरोज कुमारी के सिर पर पति का साया भी नहीं है। उनका एक बेटा है, जो अभी बेरोजगार है। कच्चा मकान होने के कारण भारी बारिश में गिरने का डर सताता रहता है। खंड विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार ने कहा कि उक्त परिवार के मकान के साथ लगा डंगा, जो भारी बारिश के साथ गिर गया है, उसके गिरने से मकान को भी खतरा पैदा हो गया है। हमारा प्रयास है कि एक सप्ताह के भीतर उक्त डंगे का कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि मकान को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जितना भी पैसा लगेगा, उसे लगाया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार की सहायता की जा सके। गौर रहे कि बंगाणा उपमंडल में 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है और कई नुकसान भी हो रहे हैं। हालांकि खंड विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार बड़ी मुस्तैदी से हर नुकसान का जायजा लेकर तुरंत संबंधित पटवारी से नुकसान की रिपोर्ट तलब करके कार्य शुरू करने के आदेश दे रहे हैं, लेकिन रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी होने पर विकास कार्यों में भी बाधा आ रही है।।

Dated 29-07-2021

बारिश से जलमग्न हुआ ऊना शहर घरों और कार्यालयों में भरा पानी

पिरथीपुर में मकान जमींदोज, स्वां नदी सहित जिले की अन्य खड्डों का जलस्तर बढ़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना/दौलतपुर चौक। बारिश से ऊना शहर जलमग्न हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त आवास, सिविल सर्जिकल अस्पताल और ट्रेजरी कॉलोनी में पानी भर आया। सिविल सर्जिकल अस्पताल से पानी को निकासी की उचित व्यवस्था न होने से पूरा प्रशासनिक परिसर तालाब में तब्दील हो गया।

इसके अलावा हरोली के भदसाली में भी घरों में दो से तीन फीट तक पानी ने सहम तबाही मचाई। दिहाणशी घरों में पानी घुसने से स्थिती को सम्हाली कपरो की संपत्ति का नुकसान हुआ है। भदसाली के वार्ड नंबर में सुदेश कुमारी पत्नी चरण दास के घर में पानी घुसने से करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस दौरान पंजीरा पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार की मदद की।

चौथी शाम को जारी सूचनानुसार बारिश सुबह-सवार सुबह कहर बनकर बरपी। चहोटी, उपमंडलाधिकारी ऑफिस के बाहर भी पानी के तेज बहाव में एक कार फंस गई। इसे ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला। हरोली के पंजीरा में खड्डाड़ का जलस्तर बढ़ने से घंटों तक रास्ता बंद रहा। इसके अलावा विकास खंड सगरेट के तहत पिरथीपुर में बुधवार को भारी बारिश के चलते एक कच्चा मकान जमींदोज हो गया। इसमें परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए।

बताया जा रहा है कि पिरथीपुर गांव के वार्ड नंबर दो में बुधवार सुबह लगभग 9 बजे जोकी राम का कच्चा मकान अचानक गिर गया। मकान में रखा अनाज, बिस्तर और अन्य सामान खराब हो गया है।

गरीब परिवार के सदस्यों पीड़ित जोकी राम ने बताया कि भगवान का शुक्र रहा कि परिवार का कोई सदस्य इसकी चपेट में नहीं आया, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। उधर, पंचायत प्रधान विजय सिंह ने जोकी राम के मकान के गिरने की पुष्टि की है। बताया कि इस बारे में राजस्व विभाग को सूचना दे दी है। ताकि नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित को पक्की सहायता प्रदान की जा सके। अन्य जगहों पर हुए नुकसान की भी जांच की जा रही है।

ऊना में बुधवार को बारिश के पानी से भरा सिविल अस्पताल। - संवाद

पिरथीपुर गांव में बारिश से जमींदोज मकान दिखाता पीड़ित परिवार। - संवाद

अंब में ट्रैक्टर की सहायता से बाढ़ में फंसी गाड़ी को बाहर निकालते हुए। - संवाद

बारिश से जिले में 2.30 करोड़ का नुकसान

ऊना। जिले में बुधवार को हुई बारिश से जिला में 2.30 करोड़ का नुकसान हुआ है। बुधवारकहर बारिश से अंबोता उपमंडल में एक शिक्षक सहित भी बैह हो गया। बारिश से विद्युत-सहिताखाल-चिंतपूर्णी सड़क बंद हो गई। नुकसान की पुष्टि एडीसी डॉ. अमित शर्मा ने की है। बारिश से लोक निर्माण विभाग को 1.54 करोड़, जलशक्ति को 76.25 लाख और पंचायतों और खरोह में पशुशाला क्षतिग्रस्त होने से 45 हजार का नुकसान हुआ है। संवाद

लगातार दूसरे दिन बारिश से ऊना जलमग्न

जिले में 119 मिलीमीटर बारिश दर्ज, 25 डिग्री तक लुढ़का पारा

चंद्रमोहन चौहान। ऊना

दो दिन से लगातार हो रही बारिश से ऊना एक बार फिर जलमग्न हो गया। मिनी सचिवालय परिसर सहित सड़कें पूरी तरह से पानी से भर गईं। मुख्यालय वासित से सटे-पाले भी पूरी तरह से उफान पर रहे। बुधवार सुबह से हो रही जोरदार बारिश के चलते घाटपाल पूरी तरह से थम गया और लोग घरों व दुकानों में कैद होकर रह गए। हालांकि बारिश के बाद किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

● हरोली के भदसाली में घर में घुसा पानी

बुधवार को जिला का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। बुधवार शाम करीब 4:00 बजे तक119 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जलभराव की समस्या से जिलेभर के कई क्षेत्रों में लोग काफी दिक्कतों से जूझते नजर आए। हरोली उपमंडल के भदसाली में एक घर में जलभराव की समस्या से करीब 1 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं, मौसम विभाग के पर्यवेक्षक सिंदर कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को जिला में कुल 119 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अगले कुछ दिनों में भी बारिश का दौर इसी तरह से जारी रहने की प्रबल संभावनाएं हैं।

ऊना। भदसाली में घर में घुसा बारिश का पानी।

नुकसान का जायजा लेने मनोहर मार्केट पहुंचे विवेक शर्मा

कुटलैहड़ वर्क्स कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विवेक शर्मा बुधवार को मनोहर मार्केट नाली में बारिश के साथ हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे। जहां पर विक्कू ने कहा कि विभाग द्वारा जो सड़क बन रही है, उस पर बिना किसी डिजाईन से काम किया जा रहा है, जिसका नतीजा यह है कि लोगों को बारिश के पानी के साथ भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरेआम विभाग की लापरवाही का परिणाम है कि सड़क पर कार्य किया गया, मगर पानी को निकलने के लिए ड्रेन का प्रावधान नहीं किया गया। इसके चलते लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा की सरकार अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जो लोगों का नुकसान हो रहा है उस पर उन लोगों को मुआवजा देने का भी प्रावधान करे।

दो पशुशालाओं सहित एक मकान क्षतिग्रस्त

बारिश से खरोह के राजेश कुमार के घर की एक दीवार पूरी गिर गई। - संवाद

जसवां परमार्ड । क्षेत्र में दो दिन से जारी बारिश ने कहर ढहाना शुरू कर दिया है। उप तहसील में बारिश से करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग के अनुसार मंगलवार को किन्नू, गांव के पधलेहरा में बारिश से सबसे ज्यादा पुत्र चौधरी राम की पशुशाला की दीवार ढह गई। वीरवार को उपतहसील परवाणू निशांत शर्मा ने पहुंचकर नुकसान की रिपोर्ट बना ली है। इसके अलावा खरोह गांव के सरदार सिंह पुत्र चौधरी राम की भी बारिश से पशुशाला की दीवार ढह गई। वहीं खरोह पंचायत में राजेश कुमार पुत्र लालू राम के मकान की एक दीवार गिर गई है व बाकी दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। पटवारी चेतना ने बताया कि राजेश कुमार को करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। नुकसान की रिपोर्ट बना ली है, जो आगे प्रेषित कर दिया जाएगा।

अंबोआ खड्ड में कार सहित बहने से बाल-बाल बचे कार सवार

- लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला

गगरेट, 28 जुलाई (चूत): उपमंडल में मंगलवार रात से शुरू हुई बरसात ने जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित किया है तो बरसाती खड्डों के उफान पर आने से कई सड़क मार्गों पर आवाजाही भी प्रभावित होकर रह गई है। गगरेट-दौलतपुर चौक मार्ग पर अंबोआ खड्ड को पार करने के प्रयास में एक कार खड्ड के बहाव के साथ बहने से बाल-बाल बच गई। बरसात के चलते सिथौरपुर में एक मकान ढह गया। हालांकि बरसात के चलते जानी नुकसान होने से बचा गया। लगातार बारिश होने से उपमंडल गगरेट की सभी खड्डें उफान पर रहीं और खड्डों के बहाव के साथ गगरेट-दौलतपुर चौक सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर पानी भर जाने से लोक निर्माण विभाग को यातायात व्यवस्था बहाल करने के लिए खासा पसीना बहाना पड़ा। इसी मार्ग पर अंबोआ खड्ड के उफान पर आने के चलते एक कार चालक खड्ड पार करने के चक्कर में कार सहित बाल-बाल बहने से बचा।

इस खड्ड पर पुल का निर्माण किया जा रहा है और इसके साथ ही खड्ड में अस्थाई रोड बनाया गया है। गनीमत यह रही कि जिस समय यह कार खड्ड के बहाव के साथ बहने लगी तो उस समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस सड़क मार्ग को बहाल करने में जुटे थे और उनकी नजर उस कार पर पड़ गई। जिसके बाद कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद कार को भी सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया गया। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कुशल ठाकुर ने बताया कि बारिश के चलते कोई सड़क मार्ग बाधित न हो, इसके लिए लोक निर्माण विभाग पूरी तरह से जुटा हुआ है।

गगरेट : अंबोआ खड्ड में पानी के तेज बहाव में फंसी कार को बाहर निकालने का प्रयास करते हुए।

अंजनौली खड्ड ने पलटकर खेतों की तरफ किया रुख

ऊना: अंजनौली खड्ड में इतना सैलाब आया कि यह पलटकर कोटला कलां के खेतों व सड़क में घुस गया। ग्रामीणों ने खड्ड के पानी को घरों में रोकने की काफी देर तक जद्दोजहद की।

ऊना, 28 जुलाई (सुरेन्द्र): पिछले करीब एक महीने से पानी मूसे की निर्माण से ऊना जिले में बारिश से बड़ी तबाही मिली है। हालांकि बुधवार को हुई भारी बारिश ने कुछ लोगों को दिक्कतें भी पैदा कीं। कई घरों में पानी घुस गया तो खेत-खलिहान पानी से सराबोर भी गए। अंजनौली की खड्ड में इतना सैलाब आया कि इसने पलटकर लोअर कोटला कलां के खेतों की तरफ रुख कर लिया। यहां बनी सड़क पानी के रूप में तब्दील हो गई है। कई घर भी इसकी चपेट में आए। ऊना-टक्का रोड भी इससे पानी-पानी हो गया। इतेहुड-तिसरी में भी सैलाब से खेत जलमग्न हो गए। खेत खेड़ा तालाबों में परिवर्तित हो गए हैं। जिला मुख्यालय ऊना में आज 119 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। एक दिन में मेघ बरसने का यह बड़ा रिकार्ड है। इससे तापमान में भी बड़ी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 25.6, जबकि न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया है।

ऊना : बुधवार को हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद जनौन पर सिंधी नदी की फसल।

ऊना: नगर परिषद ऊना के वार्ड नंबर-11 में बारिश के दौरान गली में गिरा खंभा।

पिरथीपुर में बारिश से गिरा कच्चा घर

दौलतपुर चौक, 28 जुलाई (रोहित): उपमंडल गगरेट में मंगलवार मध्य रात्रि से लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र की पिरथीपुर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-2 में एक कच्चा मकान गिर गया, जिसके चलते घर में रखा सामान व गेहूं खराब हो गया। पिरथीपुर ग्राम पंचायत प्रधान विजय कुमार ने बताया कि बुधवार को लगातार हो रही तेज बारिश के कारण पिरथीपुर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-2 के मौजी कुमार पुत्र धंगा कुमार का कच्चा घर गिर गया, जिसमें उसे काफी नुकसान हुआ है।

दौलतपुर चौक : कच्चा मकान गिरने के बाद बेघर हुआ परिवार।

मौजी गरीब परिवार से संबंध रखता है और मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पटवारी ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है, वहीं स्थानीय विधायक राकेश ठाकुर से भी परिवार को आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। विधायक राकेश ठाकुर ने खोखरधार पंचायत को पीड़ित परिवार को फौरी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

भदसाली के घरों में घुसा पानी

होली, 28 जुलाई (दक): ऊना-हमीरपुर मुख्य मार्ग के गांव भदसाली स्थित 3 घरों में बरसाती पानी भर गया, जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि बुधवार को सारा दिन हुई मूसलाधार बारिश के कारण भदसाली को मुख्य सड़क पर स्थित घरों में पानी भर गया, जिसमें घरों के अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में हुए बरसाती पानी के जमाव के चलते दमकल विभाग को बुलाना पड़ा। दमकल विभाग की टीम ने पाइप लगाकर घर के अंदर से पानी को बाहर निकाला। इसकी जानकारी मिलते ही सरपंच विभाग के कानूनगो रविंद्र शर्मा व पटवारी पवन कुमार ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। इस बारे कानूनगो रविंद्र शर्मा ने बताया कि भदसाली में 3 शिकायतें घरों में बरसात का पानी घुस गया था, जिसमें पर्यावरण, नवीन व सुदेश कुमारों के घर शामिल हैं। रविंद्र शर्मा ने निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

हमीरपुर : भदसाली स्थित घर में घुसे बरसाती पानी से लबालब घर का आंगन।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu,29 July 2021
Edition: una kesari, Page no. 1

नंगल जरियालां में बारिश से मकान की 2 दीवारें ढहीं

नंगल जरियालां : बारिश से क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लेतीं वार्ड पंच रविता व क्षतिग्रस्त दीवारों को दिखाते लाल चन्द।

प्रशासन से लगाई आर्थिक मदद की गुहार

नंगल जरियालां, 31 जुलाई (दीपक): सर्कल विधानसभा क्षेत्र के नंगल जरियालां गांव के वार्ड नम्बर 3 में बारिश से एक मकान की दीवारें गिर गईं। गनीमत रही कि परिवार इसकी चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस मकान कभी भी जमींदोज हो सकता है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर शाम को लाल चन्द पुत्र शंकर सिंह के मकान व साथी पर की दो दीवारें अचानक ढह गईं। पीड़ित ने कि लाल चन्द आर्थिक रूपेण परिवार से संबंधित है और मकान के क्षतिग्रस्त होने से उसके सिर पर छत नहीं बची है और उसे अपने भाई के मकान में जाना पड़ा है।

पीड़ित परिवार ने मुआ-बसर करने वाले लाल चंद पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्राम पंचायत उपप्रधान सरपंच पद के दावेदार कैप्टन सुशील जरियाल व वार्ड पंच रविता रानी ने लाल चन्द के क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया, साथ ही प्रशासन से मुआवजा दिलाई है कि प्रशासन लाल चन्द को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करे।

प्राइमरी व मिडल स्कूल रामपुर के शौचालय जमींदोज

ऊपर : दाएं पंचायत रामपुर स्थित प्राइमरी व मिडल स्कूल में बारिश के चलते गिरे शौचालय व (इनसैट) लटके दरवाजे।

ऊना, 31 जुलाई (सुनेत्र): जिला मुख्यालय की विकासखंड ग्राम पंचायत रामपुर में स्थित प्राइमरी व मिडल स्कूल के शौचालय जमींदोज हो गए हैं। स्कूल प्रशासन ने इसकी सूचना विभाग को दे दी है।

स्कूल इंचार्ज अंजू बाला ने बताया कि वर्ष 2019 में शौचालय का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। संबंधित विभाग व प्रशासन को सूचना देने के बाद उक्त जगह सील कर दी गई थी। इसके बाद कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते स्कूल के 3 शौचालय दीवार सहित जमींदोज हो गए। इससे स्कूल का काफी नुकसान हुआ है।

अंजू बाला ने बताया कि इस हादसे की जानकारी जिला उपनिदेशक को दे दी गई है। इस संबंध में जिला उपनिदेशक प्रारंभिक देवेन्द्र चंदेल ने कहा कि रामपुर स्कूल प्रशासन की तरफ से उन्हें स्कूल के शौचालय के जमींद में गंभीर की सूचना मिली है। उन्होंने शौचालय को गिराने के आदेश जारी कर दिए हैं।

Dated 02-08-2021

स्वां में लापता युवक का नहीं मिला सुराग

हरोली : स्वां में नहाते समय लापता हुए युवक को ढूंढने में जुटी हुई टीम पानी से बाहर आने के उपरांत अन्य सदस्यों संग।

गोताखोर टीम ने बहते पानी का काफी हिस्सा खंगाला लेकिन रहे खाली हाथ

हरोली, 1 अगस्त (दत्ता): हरोली के तहत गांव लोअर बढेड़ा में स्वां नदी में नहाने गए युवक का दूसरे दिन भी कुछ पता नहीं चल पाया है। आपदा प्रबंधन व गोताखोरों की टीम ने लापता युवक को ढूंढने के लिए कड़ी मशक्कत की। गौरतलब है कि शनिवार को यू.पी. के मध्यापुरा का निवासी 18 वर्षीय युवक अपने अन्य साथी युवक के साथ स्वां नदी में नहाने के लिए पानी में उतरा, लेकिन वहां वह अचानक लापता हो गया। पंडोगा पुलिस टीम शनिवार को दिनभर उसकी तलाश में जुटी रही, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया।

रविवार को स्थानीय पंचायत प्रधान अजय कुमार लवली व अन्य ग्रामीण भी मौके पर थे। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस टीम इस संदर्भ में आगामी कार्रवाई में जुटी हुई है।

दौलतपुर में गिरा स्लेटपोश मकान

नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने नुकसान का लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

दौलतपुर चौक (ऊना)। नगर पंचायत दौलतपुर चौक के वार्ड छह में एक महिला का स्लेटपोश मकान जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि महिला इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गई।

रविवार सुबह वार्ड नंबर छह में कुन्ती देवी का स्लेटपोश कच्चा मकान अचानक गिर गया। इसकी चपेट में आने से वह बाल-बाल बच गई। गौरतलब है कुन्ती देवी विधवा है। वह बड़ी मुश्किल से जीवन का गुजर-बसर कर रही है। अब मकान गिरने से कुन्ती देवी की मुसीबतें बढ़ गई हैं।

हादसे की सूचना मिलने के बाद नगर पंचायत दौलतपुर चौक के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और उपाध्यक्ष सुनीता देवी ने मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कुन्ती देवी को हादसे में बाल-बाल बचने पर बधाई दी।

दौलतपुर चौक में बारिश से गिरे मकान के अंश रही पीड़ित महिला।

चपेट में आने से रह बाल-बाल बच गई पीड़िता, प्रशासन से मुआवजा देने की मांग

पंचायत। धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस बारे राजस्व विभाग से रोड नुकसान का आकलन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से पीड़िता को जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

बारिश से मिडल स्कूल रामपुर का शौचालय और चारदीवारी ढही

नंगल जरियाला में बारिश से मकान की दीवारें गिरीं, बाल-बाल बचा परिवार

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना/दौलतपुर चौक। जिला मुख्यालय के साथ लगते मिडल स्कूल रामपुर का शौचालय और चारदीवारी बारिश के बाद ढह गई।

गनीमत रही कि यह घटना रात के वक्त हुई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं नंगल जरियाला गांव के वार्ड नंबर तीन में बारिश से मकान की दीवारें गिर गईं। गनीमत यह रही कि मकान की दीवारें गिरते वक्त परिवार इसकी चपेट में नहीं आया। मिडल स्कूल रामपुर में ड्यूटी के लिए शनिवार सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो वे दंग रह गए। स्कूल का शौचालय और चारदीवारी ढही मिली। शिक्षक विनेद ने बताया कि बरसात के कारण पहले ही स्कूल का एक भाग धंस रहा था। इसकी सूचना भी विभाग को दी थी। अब शुक्रवार रात को एक भाग पूरी तरह से धंस गया और काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रधान को मौके पर बुलाया है। स्कूल में मार्गदर्शन के लिए आने वाले बच्चों के लिए अब खतरा रहेगा।

नंगल जरियाला गांव के वार्ड तीन में बारिश से एक मकान की दीवारें गिर गईं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर शाम को लाल चंद पुत्र शंकर सिंह के मकान की दो दीवारें अचानक धराशायी हो गईं। घटना में लाल चंद परिवार सहित बाल-बाल बच गया।

गौर हो कि लाल चंद अल्पेक निर्धन परिवार से संबंधित है और मकान के क्षतिग्रस्त होने से उसके सिर पर छत नहीं बची है। उसे शरण लेने के लिए किसी दूसरे के मकान में जाना पड़ा है। दिहाड़ी लगाकर परिवार का गुजर बसर करने वाले लाल चंद पर मानो दुखों का पहाड़ गिर गया हो। ग्राम पंचायत उपप्रधान शौर्य चक्र विजेता कैप्टन सुशील जरियाल ने लाल चंद के क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया और उसे ढांढस बंधाया। साथ ही प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रशासन लाल चंद को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करे, ताकि उसे सिर छपाने के लिए छत नसीब हो सके।

रामपुर स्कूल की गिरी दीवार और शौचालय। -संवाद

नंगल जरियाला में ढही मकान की दीवार। -संवाद

Dated 04-08-2021

पंजाब केसरी

WED,04 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

घनारी : गगरेट क्षेत्र में हुई भारी बरसात के कारण नंगल जरियालां में गिरे पुराने मकान के मलबे को हटाकर यातायात बहाल करती जे.सी.बी.। (पत्रकार)

Dated 05-08-2021

पंजाब केसरी
THU,05 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

स्वां नदी में फंसी प्रवासी लड़की को बचाया

अम्ब, 4 अगस्त (अश्विनी): उपमंडल अम्ब के तहत तलवाल गांव के लोगों ने स्वां नदी के उफान में फंसी एक प्रवासी लड़की को बचाया है। लोगों ने रस्से खलकर लड़की को सुरक्षित ढंग से बरसाती पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार मंगलवार सायं उक्त गांव का अंकुर बाइक पर स्वां नदी को पार कर रहा था। इस बीच नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आ गया और उसने बाइक वापस मोड़ ली लेकिन नदी में पैदल जा रही एक प्रवासी लड़की पानी के बीच फंस गई। स्थानीय निवासी बलवीर सिंह ने बताया कि उक्त घटना का पता चलने पर वह, साहिल व अन्य लोग रस्सा लेकर नदी के किनारे पहुंचे और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लोगों की सहायता से लड़की को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला गया।

अम्ब : तलवाल गांव के निकट स्वां नदी के उफान में फंसी प्रवासी लड़की को बाहर निकालता एक व्यक्ति। (अश्विनी)

Dated 13-08-2021

पंजाब केसरी
FRI,13 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 3

स्वाणा में क्षतिग्रस्त मकान में रह रहा अशोक कुमार

चिंतपूर्णी, 12 अगस्त (सुनील): जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वाणा ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-2 निवासी अशोक कुमार क्षतिग्रस्त मकान में रहकर गुजर-बसर करने को मजबूर है। अशोक कुमार के मकान का कुछ हिस्सा पिछले वर्ष गिर गया था और बाकी हिस्सा इस वर्ष गिर गया। अशोक कुमार अब मकान के एक हिस्से में बने बरामदे में जान हथेली पर लेकर सो रहा है।

अशोक अविवाहित है तथा अकेला ही इस खस्ताहाल मकान में रह रहा है और एक गाय को रखकर तथा गाय का दूध बेचकर अपना गुजारा करता है। उसने बताया कि उसके पास मकान बनाने के लिए कोई पैसा नहीं है। अशोक कुमार ने सरकार से मांग की है कि उसे मकान बनाने के लिए पैसा मुहैया करवाया जाए।

चिंतपूर्णी : स्वाणा निवासी अशोक कुमार अपने गिरे हुए मकान को दिखाता हुआ। (सुनील)

Dated 14-08-2021

पंजाब केसरी
SAT,14 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

पीरनिगाह में आग की भेंट चढ़ी 3 दुकानें

प्रात: करीब 3 बजे हुआ हादसा, आग लगने के कारणों का नहीं लगा पता

ऊना, 13 अगस्त (सुरेन्द्र): प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीरनिगाह के निकट दुकानों में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रात: करीब 3 बजे जब दुकानों से लपटें निकलने लगी तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक 3 दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। हालांकि दमकल कर्मियों ने अन्य दुकानें को बचा लिया।

इस घटना से प्रसाद की दुकानों में रखे गए सामान के अतिरिक्त एक मनिहारी की दुकान का भी सारा सामान नष्ट हो गया। यह दुकानें सुनील, रामजीदास तथा हंसराज की थीं। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फायर ऑफिसर नीतिन धीमान ने बताया कि दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लाखों रुपए के सामान का नुकसान हुआ है।

ऊना : धार्मिक स्थल पीरनिगाह मंदिर के निकट आग की लपेट में आई दुकानें। (निगम)

Dated 28-08-2021

पंजाब केसरी
SAT,28 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

ऊना : उपमंडल अम्ब के तहत बीजापुर–कुठियाड़ी में एकाएक खड्ड में बाढ़ आ गई तो उसमें एक ट्राला फंस गया जिसे पोकलेन की मदद से बाहर निकाला गया। हालांकि ऊना के अधिकतर क्षेत्र सूखे रहे लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बारिश से खड्डें उफान पर रहीं। (सुरेन्द्र)

Dated 29-08-2021

पंजाब केसरी SUN,29 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 4

बंगाणा: ऊना-बड़सर हाईवे पर बिलकुआली में भू-स्खलन होने से सड़क पर गिरीं चट्टानें। (वर्मा)

पंजाब केसरी SUN,29 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 3

अम्ब : बारिश से अम्ब कोर्ट परिसर को जाने वाले रास्ते में भरा हुआ पानी। (वर्मा)

पंजाब केसरी SUN,29 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

ऊना में बारिश से स्वां नदी उफान पर, घर में घुसा पानी

ऊना, 28 अगस्त (मनोहर): ऊना जिले में शुक्रवार रात्रि हुई बारिश से स्वां नदी सहित कई खड्डें व नाले उफान पर रहे। इस दौरान एक घर में बारिश का पानी भी घुस गया। यहां हालात ऐसे बन गए कि फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाना पड़ा। वहीं बारिश के बावजूद अभी तक जिले के लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। बारिश के बावजूद अधिकतम पारे में वृद्धि दर्ज की गई है। इससे लोग बेहाल हैं।

बारिश के कारण सुबह करीब साढ़े 3 बजे अमित कुमार निवासी भड़ौलियां कलां के रिहायशी घर में बारिश का पानी घुस गया। घर में बारिश का ज्यादा पानी आने पर अग्निशमन केंद्र को सूचित किया गया।

ऊना : उफान पर स्वां नदी। शनिवार सुबह हुई तेज बारिश के चलते स्वां नदी का बढ़ा जलस्तर। (सुरेन्द्र)

अग्निशमन केंद्र ऊना से परिशामक दक्ष कुमार, चालक गुरभाग सिंह व गृहरक्षक रमेश चंद मौके पर पहुंचे और घर में घुसे बरसाती पानी को बाहर निकाला। घर में बारिश का पानी घुसने से अमित कुमार को आर्थिक नुक्सान भी हुआ है।